Andhra Pradesh has been promised that 20 lakh tonnes of rice will be procured and exported to other countries. This is a three-month old promise, but till today, not even one kg. is exported. We hear that a decision has been taken that this 20 lakh tonnes will be exported from all over the country. I am happy if the exports are being made from other States also, but Andhra Pradesh is peculiarly facing a lot of problem. With a carry over stock of 20 lakh tonnes from last year and with a higher production this year to the tune of about 140 lakh tonnes, both during *Kharif* and *Rabi* crops, the Andhra Pradesh farmer is really in a peculiar situation. As such, the procurement is to be increased from 55 lakh tonnes to 70 lakh tonnes. Also, the godown construction should be further enhanced from the present status, even by going to the private sector. It should be enhanced by another ten lakh tonnes....(*Interruptions*) This problem is there throughout the country. I am just citing one example of Andhra Pradesh. This problem is there in all the States. By privatising the construction of godowns, people will come

forward, provided FCI is going to give them the guarantee that they will utilise their godowns for at least ten years.

There are private parties to do it for at least ten years, So, in this regime of privatisation, I think, the godown space has to be increased.

Sir, I thank you for giving me this opportunity.

**श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल) :** सभापति महोदय, किसानों के बारे में सदन के पिछले सत्रों में भी किसानों के संबंध में चर्चा हो चुकी है। सत्ता पक्ष और ि वपक्ष का इसमें सवाल नहीं है। सभी ने एक सुर से किसानों के बारे में चिन्ता व्यक्त की है । आज देश में किसानों की हालत बहुत खराब है। मै भारतीय किसानों की इस चर्चा पर अपनी पार्टी के किसी दूसरे सदस्य को बोलने के लिए कह सकता था लेकिन मैं इस पर इसलिए बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं कि आज की यह बहस औपचारिक मात्र बन कर न रह जाए।

मैंने अभी दो भााण सुने। किसी ने भी सरकार की आलोचना नहीं की। मैंने अभी बहन रेणुका चौधरी जी का भााण सुना। वह सरकार की आलोचना नहीं कर रही थी वह किसानों की हालत पर चिन्ता व्यक्त कर रही थी तथा सुझाव दे रही थी । किसानों की हालत चिन्ताजनक है और इसे लेकर पूरे देश को चिन्ता है। वह इस पर चर्चा कर रही थी और उससे सरकार और हम सब को सावधान कर रही थीं। मैं सरकारी पक्ष की तरफ से बचाव देख रहा हूं। कृिा मंत्री किसान हैं। मेरी जानकारी यह है कि अगर उन्होंने अपने हाथों से खेती नहीं की तो उनका परिवार अवश्य खेती कर रहा है। देश के विकास और रक्षा में किसानों का महत्व रहा है। मैं उत्तरप्रदेश में हुई आजादी की लड़ाई के दो उदाहरण देना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के चौरी-चौरा की हिंसा के बाद महात्मा गांधी जी ने अपना आन्दोलन स्थगित किया था। चौरी-चौरा की घटना में आजादी के लिए जो लोग शहीद हुए या उत्तेजित होकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जिन्होंने बगावत की वे कौन लोग थे? वे किसान ही थे। वे एक दर्जन से अधिक किसान ही थे। उस घटना में अंग्रेजों की पुलिस के साथ भी हिंसा हुई थी । उस समय एक-एक किसान थाने पर जाकर तिरंगा झंडा फहराने के लिए आगे बढ़ता गया। वे आखिर में शहीद हुए। आखिरी किसान भी झंडा फहरा कर शहीद हुआ। गांधी जी ने हिंसा को देख कर अपना आन्दोलन स्थगित किया था। ये कौन लौग थे? इसी तरह मधुबन में जनपद मऊ में है, वहां भी अंग्रेजी पुलिस ने उनके ऊपर जुल्म किया। वहां के थाने में झंडा फहराने वाले एक दर्जन से अधिक किसान थे। वे सब शहीद हुए। कारगिल की लड़ाई आप सब के सामने हुई। कृपया आप उन शहीदों की सूची सदन में रखें और बताएं कि वे शहीद लोग कौन थे और उनकी कितनी संख्या थी? वे सब किसानों के बेटे थे। देश के विकास में किसानों का योगदान सबसे बड़ा है। अभी तक 80 फीसदी हिन्दुस्तान का जो विकास हुआ, उसमें हिन्दुस्तान के किसानों और मुसलमानों की सबसे बड़ी भूमिका रही।

उन्हीं किसानों एवं मुसलमानों की विरोधी नीतियां सरकार बना रही है । मैं यहां इस बात को लेकर राजनीति नहीं कर रहा हूं बल्कि किसान की वास्तविक दुर्दशा सदन के सामने रखने के लिये खड़ा हुआ हूं। मैं आंकड़ों के जाल में नहीं पड़ना चाहता लेकिन हम जानते हैं कि कृिा मंत्री जी अपने उत्तर में आंकडे ही रखना चाहेंगें ।

सभापति महोदय, अभी हमारे एक मित्र रेणुका जी पर टिप्पणी कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल किस घटक के हैं, किस सरकार का समर्थन कर रहे हैं? वे एन.डी.ए. की सरकार या बी.जे.पी. के नेतृत्व वाली सरकार का समर्थन कर रहे हैं, श्री बादल इसी सरकार के अंग हैं। सरकार में शामिल अकाली दल के नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री श्री बादल ने कहा कि डब्लयू.टी.ओ. किसानों के लिये मौत का वारंट है। मैं चाहता हूं कि जब सरकार इस चर्चा का जवाब दे तो बताये कि आखिर श्री बादल ने यह बयान क्यों दिया। जब सरकार कहती है कि हमने हर क्षेत्र में तरक्की की है, हम भी स्वीकर करते हैं कि देश का विकास हुआ है। लेकिन इससे संतोा नहीं हो सकता है । अंतर्राट्रीय स्तर पर भारत की क्या स्थिति है? भारत के किसानों ने अपनी मेहनत के बल पर अन्न का उत्पादन बढाया है लेकिन फिर भी किसान की हालत खराब क्यों ? मैं तीन देशों के नाम तुलना हेतु सदन के समक्ष रखना चाहता हूं। 1945 में जापान पूरी तरह से बरबाद हो गया था जहां अस्पताल, रेल पटरी, स्कूल आदि पूरी तरह से बरबाद हो गये थे। आज जापान के समक्ष आपकी स्थिति क्या है ? जब प्रधानमंत्री जी विपक्ष में थे, तब चीन के बारे में उन्होंने कहा था कि चीन की तुलना मत कीजिये। आज हमारी जनसंख्या 100 करोड़ है जबकि उनकी आबादी 125 करोड़ के लगभग है। चीन की अन्न की पैदावार हमसे ढाई गुना है। भले ही वह देश बड़ा है। लेकिन खेती करने लायक जमीन भारत से कम है । हमारा देश 1947 में आजाद हुआ था और 15 अगस्त 1947 को जब लाल किले पर तिरंगा झंडा फहराया गया उस समय चीन और जापान भारत से पीछे थे । हमारे यहां कोई सड़कें टूटी हुई नहीं थी, न रेल की पटरियां टूटी हुई थीं लेकिन आज भारत चीन व जापान की तुलना में बहुत पीछे हैं। मैं यह मानता हूं कि हमारे देश का विकास हुआ है लेकिन आज भुखमरी का इतना बड़ा संकट हमारे सामने खड़ा है। किसान कर्ज में डूबा हुआ है किसान की पैदावार सस्ती है तथा लागत की सब वस्तुएं मंहगीं हैं । आप बजट की समीक्षा कर लीजिये या अपने अधिकारियो को बुलाकर जांच करवा लें कि किसान कर्ज में पूरी तरह डूबा हआ है, और बहुराट्रीय कंपनियों के दवाब में बनाये जा रहे बजटों के कारण देश के किसानों और गरीब मजदूरों की घोर उपेक्षा के चलते पूरा देश भी विदेशी कर्जे में डूब गया है और सरकार की ताकत विदेशी कर्जे को चुकाने में ही लगी हुई है । आज हिन्दुस्तान का वैज्ञानिक दुनिया के किसी भी देश के वैज्ञानिकों से पीछे नहीं है। आज उसने आपके सामने अमरीका के कम्प्यूटर के मुकाबले कई गुना अच्छा और सस्ता कम्प्यूटर बनाकर दिखा दिया।

सभापति महोदय, मैं उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री था। मुझे इज़रायल के लिये निमंत्रण मिल रहा था लेकिन मैं नहीं गया। लखनऊ के एक पांच-तारा होटल में प्रेजेंटेशन किया गया था और मुझे दिखाया गया था कि मशीनों से खेतों की मिट्टी का टैम्प्रेचर मापा जा रहा है।

वह जमीन जोतने या बोने लायक है या नहीं, यह पता करने के लिये मुझे अफसोस होता है कि हिन्दुस्तान का किसान पैर के अंगूठे से बता देता है कि जमीन जोतने या बोने लायक है या नहीं। अगर आपको अनुभव है तो ठीक है लेकिन हमको इसका अनुभव है। सुबह किसान शौच के लिए लोटा लेकर खेतों में जाता है और जाकर अपने पैर के अंगूठे से देखता है कि हमारे खेत जोतने लायक या बीज डालने लायक हैं या नहीं। इतना चतुर, इतना मेहनती किसान दुनिया में कहीं नहीं है जितना हिन्दुस्तान का है। आज कुछ धनी देशों के ाडयंत्र में फंसकर, डब्ल्यू.टी.ओ. के दबाव में आकर हम आर्थिक विकास के लिए स्वतंत्र नहीं हैं। आज आप विदेशों से दूध मंगा रहे हैं। यहां बहुत सदस्य बोल रहे थे कि एक लिटर दूध भी नहीं आया। मेरा कहना है कि आप इसका खण्डन करो कि विदेशों से दूध हमारे यहां नहीं आ रहा। आप यह भी खण्डन करो कि मुम्बई के दूध उत्पादकों ने यह फैसला किया है कि हम दूध को बन्दरगाहों पर उतरने नहीं देंगे। क्या यह सच्चाई नहीं है ? क्या समाचार पत्रों में नहीं आया कि अगर विदेशों से आयातित दूध हिन्दुस्तान में आयेगा तो महाराट्र के दूध उत्पादकों ने उसे मुम्बई के बन्दरगाह पर नहीं उतरने देने की घोाणा की है । हम भी यह कोशिश करेंगे कि अगर हरियाणा, पंजाब या देश के किसी भी कोने में विदेशों से दूध आया तो समाजवादी पार्टी इसके लिये देशभर में आन्दोलन खडा करेगी । हम सरकार की केवल आलोचना नहीं कर रहे बल्कि इस देश के किसानों को बचाने हेतु सरकार को चेतावनी दे रहे हैं ।

कल थोड़ा सा संकेत प्रधान मंत्री जी ने अपने भााण में इस सदन में दिया था। उन्होंने स्वाकीर किया था। कृिा मंत्री भी पूरी तरह स्वीकार करें । हम आंकड़ों के जाल में नहीं फंसना चाहते । अभी एक माननीय सदस्य बोलकर चले गये। वित्त मंत्री जी ने अपने भााण में कहा कि इस वक्त हम 51 हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर 64 हजार करोड़ रुपये किसानों को कर्जा देंगे। â€¦( व्यवधान)

**सभापति महोदय :** अगले वर्ा देंगे।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : 14 हजार करोड़ रुपये आप बढ़ा रहे हैं। लेकिन यह कर्जा राट्रीयकृत बैंक नहीं देंगे, तो फिर कौन देगा ? उनको यह कर्जा ग्रामीण बैंक देगा। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या ग्रामीण बैंक की स्थिति ऐसी है या उनके पास पैसा है कि वह किसानों को कर्जा दे सके ? बिल्कुल नहीं है तो किसानों को पैसा

कहां से मिलेगा, नहीं मिलेगा । मंत्री जी कह सकते हों तो अच्छी बात है। पिछले वर्ा 51 हजार करोड़ रुपये थे लेकिन इस वर्ा यह रकम बढ़ाकर 64 हजार करोड़ रुपये कर दी गई है। अगर राट्रीयकृत बैंक यह कर्जा नहीं दे सकते तो मेरा कहना है कि ग्रामीण बैंक की क्या हालत है, यह आप सबको पता है। यह खुली धोखाधडी और किसानों के साथ जाल बट्टा करना बडा अपराध है और अगर भारत देश की खेती बरबाद हो गयी तो किसान मर जायेगा और देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो जायेगी । क्या सरकार यही चाहती है । साढ़े तीन प्रतिशत तो इसी वर्ा खेती का उत्पादन कम हुआ है। विगत 10 साल से लगातार उत्पादन घटा है। और बेरोजगारी बढी है । आज किसान के उपयोग की हर चीज महंगी है तथा दिल्ली में पैदा हुई हर चीज सस्ती । अभी एक माननीय सदस्य भी बोल रहे थे कि किसान की हर चीज महंगी होती जा रही है। श्रीमती रेणुका जी भी बोल रही थीं कि बिजली महंगी, पानी महंगा, खाद महंगी, बीज महंगा यानी किसान के उत्पादन के लिए जो लागत आयेगी, वह महंगी है। 1980 में किसान एक क्विंटल गेहूं बेचकर 3000 ईंटें अपना मकान बनाने के लिए खरीदता था लेकिन आज 3 क्विंटल गेहूं बेचकर 1000 ईंटें मिलेंगी। क्या यह सच्चाई नहीं है ? मैं सदन के माननीय सदस्यों से पूछना चाहता हूं कि क्या यह सच्चाई नहीं है । इसका मुकाबला कैसे करें, इससे किसान को कैसे बचायें, उसकी खेती को कैसे बचायें, इसके लिये वर्तमान नीतियां बदलनी हैं । विदेशी कम्पनियों का मुकाबला, डब्ल्यू.टी.ओ. का मुकाबला या इन् विदेशी कर्जों का मुकाबला कोई करेगा तो वह हिन्दुस्तान का किसान करेगा। किसान के अलावा और कोई नहीं कर सकता। जैसा कल प्रधान मंत्री जी ने अपने भााण में कहा कि हम अंतर्राट्रीय दौड़ में पीछे नहीं रह सकते, तो हम भी कहते हैं कि हम तो अर्न्तराट्रीय दौड में उनसे चार कदम आगे बढेंगें लेकिन हिन्दुस्तान को किसी का पिछलग्गू होना, समाज वादी पार्टी स्वीकार नहीं कर सकती। आज भाजपा की सरकार ने देश को पिछलग्गू बना दिया है। आज जो भी बजट है या किसान की जो भी दुर्दशा हो रही है, वह सब डब्ल्यू.टी.ओ. के दबाव में हो रही है।

विश्व बैंक, अंर्तराट्रीय मुद्रा कोा एवं W.T.O. का नियंत्रण बहुराट्रीय कम्पनियां करती हैं । डब्ल्यू.टी.ओ. के मायने पूरी दुनिया नहीं है, डब्ल्यू.टी.ओ. के मायने कुछ धनी देश हैं। हमें नीतियों को बदलना पड़ेगा, हमें खेती को प्राथमिकता देनी पड़ेगी। हम उन आंकड़ों में नहीं जाना चाहते लेकिन बताना चाहते हैं कि बहुराट्रीय कम्पनियों के दबाव में खेती में पूंजी लगाने का काम लगातार कम हो रहा है । 1991-92 में खेती में निवेश 6,300 करोड़ रुपये था और अब केवल 2,000 करोड़ रुपये रह गया है। आजादी के समय देश के सकल घरेलू उत्पाद के कृि क्षेत्र का हिस्सा 50 % था जो घटकर 24 % रह गया है ।आज जितने छोटे उद्योग हैं, छोटे किसान हैं, मध्यम उद्योग है सब भुखमरी के कगार पर हैं।

सरकार कहती है कि खाद्यान्न भंडारों से भरा पड़ा है । ये खाद्यान्न भंडार किसके लिए भरे पड़े हैं?

उडीसा व दूसरे प्रदेशों में गरीबी व भुखमरी से तंग लोग बच्चों को बेच रहे हैं । क्या यह सही नहीं है? किसान व गरीब कर्ज से इतना डूबा हुआ है कि वह अपने बच्चों की किडनी तक बेचने को विवश है । उत्तर प्रदेश व बिहार के किसान दिल्ली में इस उम्मीद से आ गए थे कि शायद उन्हें कोई रोजगार मिलेगा। लेकिन सरकार की नीतियों के चलते, जो किसान अपनी खेती, सम्पत्ति, जेवर, जानवर बेच कर दिल्ली आए थे, वही वापिस जाने पर मजबूर हो रहे हैं आखिर वो कहां जाएं। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, इसके लिए नीतियां बदलनी पडेंगी और W.T.O के चंगुल से खेती को मुक्त कराना पडेगा । हम इसलिए आज बोल रहे हैं तथा हम चाहते थे कि माननीय सोमनाथ बाबू बोलें। आगे आने वाला इतिहास व आगे आने वाली पीढी कम से कम हमको दोाी नहीं लिखेगा । इसलिए अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सरकार को सावधान कर रहे हैं । हम कृि मंत्री जी से अनुरोध करेंगें, भले ही आप हमसे उम्र में छोटे हैं, हमारे साथ काम किया है, लेकिन हम कहना चाहते हैं कि आप सरकार के बचाव का उत्तर न दीजिए, आप बताइए कि क्या नीति बनाना चाहते हैं जिससे किसान को बचा सकें, देश को बचा सकें। आंकड़ों और कुछ अधिकारियों की जालसाजी के चक्कर में न आकर दिल से सामने रखें कि आपकी नीतियां किसानों एवं खेती को बचाने के लिये क्या हैं । आप अमेरिका के सामने घुटने टेके बैठे हुए हैं, खुशामदी में लगे हैं। क्या यह सही नहीं है कि जब अमेरिका के राट्रपति आए थे तो उनके चरण स्पर्श करने के लिए आपके कुछ लोग सैंट्रल हॉल में तैयार थे?â€¦( व्यवधान)

**श्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा) :** कोई नहीं था। यह गलत बात है।â€¦( व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** मैं देख रहा था साक्षात्कार। क्या वे इसलिए आए थे? क्या अमरीका के राट्रपति हिन्दुस्तान को कुछ देने के लिए आए थे? देने के लिए नहीं आए थे, लेने के लिए आए थे। दूसरे-तीसरे दिन ही 1429 चीजों पर आपको सीमा शुल्क हटाना पड़ा। ***------*** न्यूयार्क में उनकी पत्नी चुनाव लड़ रही थीं, उनको जिताने के लिए न्यूयार्क में बसे हिन्दुस्तानी लोगों का वोट चाहिए था।â€¦((व्यवधान)

***------*Expunged as ordered by the Chair.**

**डॉ.जसवन्त सिंह यादव (अलवर) : *--------***

**â€¦(** व्यवधान) वहां कांग्रेस की सरकार थी।â€¦( व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आप टोका-टाकी में न फसें। आसन की तरफ मुखातिब होकर अपना भााण कीजिए।

â€¦( व्यवधान)

**डॉ.जसवन्त सिंह यादव : *--------***

**â€¦(** व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आप बैठ जाइए। आपकी पार्टी के नेता बोल रहे हैं और आप खड़े हो रहे हैं।

â€¦( व्यवधान)

*-----*Expunged as ordered by the chair.

**श्री शिवराज सिंह चौहान :** हम तो बड़े ध्यान से आपकी बात सुन रहे थे, लेकिन बीच में जो आपने बात की कि चरण स्पर्श किया, वरना हम तो बड़े ध्यान से आपकी बात सुन रहे थे।â€¦( व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** मैंने आपका नाम लिया? आप मुझे क्या सिखाते हो।

**सभापति महोदय** : शिवराज सिंह जी, आप बैठ जाइये।

**श्री शिवराज सिंह चौहान** : आप चरण स्पर्श की बात करते हो, औरतों के साथ नाचने की बात करते हो, यह बात ठीक नहीं है। मैं तो बड़े ध्यान से आपकी बात सुन रहा था।â€¦( व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आप बैठिये। आप अपने समय में बोलना।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : जब आप भााण दें तो इस बात का खंडन कर देना। â€¦( व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आपको जब अपना वक्त मिलेगा, तब बोलना।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : असली बात यह है कि इनकी आरती करें तो सुनेंगे और आलोचना करें तो नहीं सुनेंगे। यह कोई बात हुई, कोई बात नहीं हुई। अगर बात नहीं हुई तो आप क्यों बहस करते हो। तीन साल से तुम्हारे विदेश मंत्रीâ€¦( व्यवधान)

**सभापति महोदय :** शिवराज सिंह जी, आप बैठे-बैठे नहीं बोलें।

**श्री शिवराज सिंह चौहान** : हमने बाकी कहीं ऑब्जैक्शन नहीं किया, न हम बीच में बोले।

â€¦(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आपका समय आ रहा है, उस समय आप अपनी बात कहें।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : तीन साल से आपकी सरकार के विदेश मंत्री, अमरीका के एक वरिठ अधिकारी के सामने घुटने टेककर पड़े हुए हैं, क्यों हमसे खुलवाना चाहते हो। अमेरीका का कोई वरिठ अधिकारी व मंत्री मिलने को तैयार नहीं है । अमेरिका के राट्रपति से तीन साल में मुलाकात नहीं कर सके ।â€¦( व्यवधान)

**सभापति महोदय :** मुलायम सिंह जी, आसन की तरफ मुखातिब होकर बोलें।

**डॉ.जसवन्त सिंह यादव** : क्लिंटन लेने आये, जब वाजपेयी जी एयरपोर्ट पर पहुंचे थे, यह बात आपने नहीं पढ़ी।â€¦( व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** आप नई-नई बात करते हो, तीन साल से अमेरिका के अन्दर विदेश मंत्री वहीं पडे हुए खाना खा रहे हैं ।

यह ठीक है कि 40 हजार टन अन्न का भंडार सड रहा है, सरकार उसे अकालग्रस्त क्षेत्रों में भी नहीं बांट रही है । दूसरी तरफ भुखमरी है। लोग भूखे क्यों मर रहे हैं और क्या 27 करोड़ रुपये रोजाना उसके रखरखाव पर खर्च हो रहा है। उसको जलाने या समुद्र में डुबाने की बात चल रही है । यह हालत है कि वह अन्न खाने लायक नहीं रहा। इसी हिन्दुस्तान के अन्दर आज कम से कम ऐसे 36 करोड़ लोग हैं, आपके आंकड़ों के अनुसार 26 कहें, लेकिन मेरे अनुसार तो 45 फीसदी लोग ऐसे हैं, जिनको दोनों वक्त भरपेट रोटी नहीं मिल रही है, इसलिए वह भंडार किसके लिए भरे हैं। एक तरफ लोग भूखे मर रहे हैं, जमीन बेची जा रही है, बच्चे बेचे जा रहे हैं तो उनको यह अन्न बांट देना चाहिए। देश में अकाल पड़ा हुआ है, सूखा पड़ा हुआ है तो भंडार किस बात के लिए है। जब गुजरात पर मुसीबत आई तो यह भंडार क्यों सडता रहा, आप 27 करोड़ रुपये रोजानाा रखरखाव पर क्यों खर्च कर रहे हैं, इसे गुजरात के पीडितों के मध्य बंटवा देते तो हम लोग उसकी तारीफ करते, सराहना करते ।

**सभापति महोदय** : अब अपने भााण को कन्क्लूड कीजिए। आपको बोलते हुए 20 मिनट हो गये हैं।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : मुझे कम से कम 40 मिनट बोलने दीजिये । खैर, मैं आपके निर्देश का पालन करूंगा। आज देश में बेरोजगारी है, भुखमरी है, गरीबी है । आजादी के बाद देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृि क्षेत्र में 50 फीसदी हिस्सा था, लेकिन अब वह 24 फीसदी रह गया तो हम आगे कहां बढ़ रहे हैं। हम तो पीछे जा रहे हैं। दुनिया में जितने देश हैं, उन्होंने खेती पर प्रतिर्वा योजना में बजट को आगे बढ़ाया है, जबकि हम प्रतिर्वा बजट में खेती के प्रावधान को कम कर रहे हैं यह देश के लिये चिन्ता का विाय है।

आजादी के समय देश की जनसंख्या के 76 फीसदी लोग खेती पर निर्भर थे और आज भी लगभग उतनी ही संख्या है । आज 72 फीसदी के पास खेती है और चार फीसदी खेतीहर मजदूर हैं उन चार फीसदी मजदूरों के बारे में आप क्या सोच रहे हैं ? खेती के मामले में और किसान के मामले में हम तो समर्थन करने के लिए तैयार हैं, अगर आप उनको बचा ले जाएंगे तो आप देश को बचा ले जाएंगे। फिर हम भी रहेंगे, आप भी रहेंगे, पार्टियां भी रहेंगी, सब रहेंगे, सरकारें भी रहेंगी, लेकिन जिस तरीके से हम चल रहे हैं, उससे आर्थिक रूप से देश कमजोर होता चला जायेगा और उतना ही विदेशी कम्पनियों का, विदेशी धनी देशों का और विश्व बैंक का दबाव बढ़ता चला जायेगा। आज हम सावधान करना चाहते हैं तथा चेतावनी देना चाहते हैं ।

अटल जी कह चुके हैं कि हम उदारीकरण से पीछे नहीं हटेंगे, कल वे प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे कोई और प्रधानमंत्री आएगा तो क्या होगा। कल उन्होंने किसानों के बारे में W.T.O. के विाय में सभी पार्टी के नेताओं से बात करने की बात कही थी । आप आर्थिक उदारीकरण की नीतियों में समाजवादी पार्टी के दृटिकोण को मानते हुए आर्थिक उदारीकरण की नीतियों में परिवर्तन कीजिये और हमारी चार बातें स्वीकार कीजिये । पहली बात अयोध्या में मन्दिर निर्माण की बात बंद करो (2) 370 धारा

की मांग को खत्म करने की बात बंद करो (3) मुसलमानों के बारे में राय बदलो (4) समान नागरिक संहिता के बारे में राय बदलो तो प्रधानमंत्री जी आपकी समाजवादी पार्टी से निकटता हो जायेगी । विश्व के धनी देशों का ही आज अंतरराट्रीय मुद्रा कोा है, उन्हीं का विश्व बैंक है और उन्हीं का डब्ल्यू.टी.ओ. है। दुनिया के मुल्कों में जितनी क्षमता आज अन्न पैदा करने की है, उससे भारत के किसानों को सुविधा दे दी जाये तो दो गुना से तीन गुना अधिक पैदावार करने की क्षमता है । उत्तर प्रदेश में 65 लाख एकड़ ऊसर जमीन ऐसी है, जो खेती योग्य हो सकती है । वह उपजाऊ हो सकती है, इसके लिये सरकार द्वारा कोई उपाय नहीं किये गये । आप सावधान नहीं हैं, धनी देश सावधान हैं। उनके दबाव में हमारा बजट बन रहा है, किसानों की सब्सिडी कम हो रही है। क्या आप इससे इनकार करेंगे कि धनी देशों में किसानों को सब्सिडी बढ़ रही है और भारत में घटाई जा रही है। इस तरह आप कहां मुकाबला कर पाएंगे, जब उत्पादन ही घट जाएगा तो कैसे मुकाबला करेंगे। धनी देशों के किसानों का उत्पादन बढ़ेगा और हम उनके सामने टिक नहीं पाएंगे । कैसे स्पर्धा कर सकते हैं ।

1962 में योजना आयोग ने कहा था कि 2250 कैलोरी से कम प्रतिदिन भोजन करने वाला व्यक्ति गरीबी रेखा से नीचे माना जायेगा । 1979 में इसी योजना आयोग ने कहा कि 2400 कैलोरी तक प्रतिदिन भोजन करने वाला व्यक्ति गरीबी रेखा से नीचे है। उसीमें अल्टरनेटिव इकोनॉमिक सर्वे के अनुसार, उसमें स्वीकार किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्र में जीवन जीने वाले 75 फीसदी लोग इस देश में गरीबी रेखा से नीचे हैं। उसके बाद यह आया कि इनमें से 75 फीसदी गांव के लोग हैं और 54 % शहर के लोग हैं। ये 75 फीसदी गांव के लोग किसान मजदूर हैं, जो गरीबी रेखा से नीचे हैं। इससे स्पट होता है कि गांव में रहने वाला व्यक्ति किसान मजदूर गरीबी रेखा से नीचे पहुंच गया है । ये मुलायम सिंह या समाजवादी पार्टी के आंकडे नहीं हैं बल्कि आपका अल्टरनेटिव इकॉनॉमिक सर्वे कह रहा है । अगर ये गलत आंकड़े हैं तो अपने जवाब में आप बताएं कि सच्चाई क्या है और कहें कि हम अपनी नीतियों को बदलेंगे।

आज किसान के लिए कोई ऐसा बाजार नहीं है, जहां वह अपना उत्पादन बेच सके। यही इस देश में सबसे बड़ी मजबूरी है। उसको अपना माल रखने के लिए जगह नहीं है। देशी-विदेशी कोई खरीदार नहीं है। यह गम्भीर संकट है और चिंता का विाय है। इस से किसान आत्महत्या के लिये विवश हो रहा है इस पर भी सरकार गंभीर नहीं है । यदि आप इन नीतियों को नहीं बदलेंगें तो इन नीतियों के विरूद्ध जनता को आन्दोलित करेंगें । हम किसी के पिछलग्गू नहीं बन सकते। चाहे धनी देश कुछ भी राय दें। हिन्दुस्तान किसी का पिछलग्गू नहीं बन सकता, यह समाजवादी पार्टी की नीति है और इस पर हम पहले भी कायम थे, आज भी कायम हैं। लेकिन भाजपा सरकार भारत को पिछलग्गू बना रही है । आज आपकी नीतियां धनी देशों से संचालित हो रही हैं ।

सभापति महोदय, मैं एक-दो बातें और कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। आज किसान के साथ क्रूर मजाक हो रहा है। हमें खुशी है कि पंजाब के किसानों को केन्द्रीय मदद मिली। हमें खुशी है कि हरियाणा और आंध्र प्रदेश के किसानों को भी दी गयी, लेकिन उसके साथ-साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और राजस्थान जैसे राज्यों के किसानों को भी केन्द्रीय सहायता मिलनी चाहिए। उत्तर प्रदेश में धान 370 रुपए प्रति क्विंटल पर टिका है।

हमारे गांव में चले जाइए और देखिए कि हमारा धान क्या भाव बिका है। आप खुद मत जाइए, आप किसी को भेजकर पता लगवा लीजिए। आप डी.एम. से पता लगवा लीजिए। हमारा सैफई गांव है और मुलायम सिंह का धान कहां बिका है, आपको पर्ची दिखा दी जाएगी। हमारा धान 370/= fक्विटल की दर से बिका है । किसान से 370/= मे खरीदा गया है और बिचौलियों और सरकारी अधिकारियों ने 520 रुपया क्विंटल खरीदकर किसान और सरकार को चूना लगा दिया है। ये सरकारी आंकड़े हैं। जो हमारा 370 रुपया क्विंटल धान नहीं बिक सकता है तो गरीब किसान का कौन खरीद सकता है? यह खेती की हालत है। हम तो किसी तरह से निकल जाएंगे। अपने खाने-पीने का इंतजाम कर लेंगे। हमारे पास साधन हैं और भी घर के लोग नौकरी में हैं, सब कुछ हैं, किसी तरह से इस संकट को झेल लेंगें पर किसानों की हालत क्या होगी? किसान खेती छोड़ने के लए मजबूर हो जाएगा, भीख मांगने के लिए मजबूर हो जाएगा। इसलिए आपको कृा संबंधी नीतियां बदलनी पड़ेंगी। 1971 के जो समर्थन मूल्य थे, उसके बाद से और लागत महंगाई पन्द्रह गुना बढ़ी है और समर्थन मूल्य आठ गुना मिला है। रेणूका जी, सीएसीपी द्वारा गेहूं के समर्थन मूल्य में बढोतरी के स्थान पर कटोती की संस्तुति की गयी । 580 रुपये के स्थान पर 520 रुपये प्रति क्विंटल करने की सिफारिश की गई है जबकि किसान का लागत मूल्य 750/= है । अगर किसान अपना हिसाब जोड़ना शुरू कर दे तो उसको हार्ट-अटैक हो जाएगा। यदि किसान अपनी मेहनत, अपनी पत्नी की मेहनत, अपने बच्चे की मेहनत जिसका वह कभी हिसाब नहीं लगाता है। वह ज्यादा से ज्यादा खाद या डीजल का हिसाब लगा लेगा। लेकिन वह बैल के चारे की कीमत भी नहीं लगाता है। बैल की कीमत भी नहीं लगाता है। अगर खेती का यह सब हिसाब लगा लिया जाये तो 750 रुपये लागत एक क्विंटल गेहू पैदा करने की है और आपकी सीएसीपी ने गेहूं के 580 रुपये क्विंटल के जगह पर 520 रुपये क्विंटल मूल्य करने की सिफारिश की है। कृा मंत्री जी, इससे ज्यादा अफसोस की बात और क्या होगी कि आप किसान होते हुए भी और आपका बजट शुरू हो गया है लेकिन अभी तक गेहूं के समर्थन मूल्य की भी घोाणा नहीं की गई है। इससे ज्यादा किसान को बर्बाद करने का दूसरा ज्वलंत उदाहरण और क्या हो सकता है? रबी की फसल आने वाली हो गई है। इसीलिए मैं यह निवेदन करूंगा कि जब आप जवाब दें तो इसके बारे में बताइए। हम नुक्ताचीनी के जवाब में नहीं पड़ना चाहते हैं। हम आंकड़ों में नहीं पड़ना चाहते हैं। आप बताइये कि अब तक गेहूँ का समर्थन मूल्य घोाित क्यों नहीं हुआ । आपको नीतियां बदलनी पड़ेंगी। आज हम आपसे कह रहे हैं कि आप डब्ल्यूटीओ को नोटिस देकर छ: महीने के अंदर अपनी सदस्यता वापस लीजिए और अपने पैरों पर खड़े होइए और खेती को W.T.O. से वापस निकालिये । हम तकलीफ सहने के लिए तैयार हैं। हम 2-3 साल और तकलीफ सहने के लिए तैयार हैं लेकिन समाजवादी पार्टी अपने देश को आर्थिक दृटि से आत्मनिर्भर करना चाहती है । आपका मंत्रीपद अमर नहीं है पर हमें विश्वास है कि किसानों के हितों में ऐसा उत्तर देंगें जो अमर रहेगा, हम ऐसी उम्मीद करते हैं।

SHRI JAGANNATH MALLIK (JAJPUR): Mr. Chairman, Sir, I am grateful that you have permitted me to say a few words on the problems that our farmers are facing today.

When we talk of the problems of farmers, neither Delhi nor Calcutta nor Mumbai nor Chennai comes before us, but only the vast landmass of rural India comes before us that represents 80 per cent of our total population and 40 per cent of our total national income. They are the people who provide the total basic needs of our people, like *roti, makaan* and k*apada.*

**16.00 hrs.**

At the time of Independence, people in rural India were not economically strong because of many historical reasons. When 565 princely States got united into the Union of India, they all hoped that they all must be given equal opportunities to explore and exploit their natural resources to become strong. When we speak of strong India, it implies that all the States must be strong. Unless all the States become strong, India cannot be strong. It may so happen that India may collapse like a house of cards which you have seen many times in the past, at the time of foreign invasion. Keeping this in view, the Government, right from the beginning, tried to put more emphasis on agriculture. After working in a democratic set-up for more than fifty years, now we are all proud that we have made the country self-sufficient, not only self-sufficient but also made it surplus in foodgrains. It is also a fact that we have now got 45 million tonnes of rice and wheat in our godowns. According to the latest figures, the production of rice

has gone up to 90 million tonnes and the production of wheat has gone up to 75 million tonnes.

In spite of this great achievement in the field of agriculture, 250 million people remain half-fed every day. So, it is not correct to say that we are self-sufficient and we have surplus foodgrains. The Nobel Laureate, Dr. Amartya Sen, has pointed out that in Bengal Famine, lakhs of people died of hunger because they did not have the power to purchase, though the market was flooded with foodgrains. Similarly, the economic status and the economic position of our people, particularly of the agriculture labourers, wage earners, small and marginal farmers, those who live in the rural areas and those who provide the basic needs for the entire country, is very very weak.

What are the objectives of the Government as far as agriculture sector goes? The Government sought to achieve four objectives at the beginning. The first objective is to produce more, produce more to the extent of making the country self-sufficient and surplus in foodgrains. The second objective was to promote the economic status of the rural masses. The third objective was to give the producer the reasonable return. The fourth objective was to give employment to the people in rural areas. These are the four objectives which we have projected at the time of our Independence. After working for more than a half century in the democratic set-up, we claim to have achieved self-sufficiency and surplus in foodgrains. It is not a fact. Let us realise and let us admit as to where we stand. Unless we have the courage to admit the facts, we cannot take the corrective measures.

The Government has now declared the Minimum Support Price. You must have come across some instances in Andhra Pradesh, Tamil Nadu, Kerala and Orissa. For instance, for fine rice the Government has announced Rs. 540 as the Minimum Support Price. In Orissa this particular type of paddy is being sold at Rs.350. People have started dumping their stocks on the roadside and they are planning to block the National Highway. A few days back, this has come in all the newspapers. You must be knowing that in search of job, people have migrated like anything from Kalahandi district to other parts of the country. Though the Kalahandi district produces more foodgrains but the agricultural labourers do not get adequate employment.

WTO agreement has posed another problem for us. The member countries, who have signed the agreement, have provided many safeguards in the agreement itself which they call as the 'green box' and the 'blue box'. "Green box' means, to the agricultural family they provide all possible subsidy to bring about a balance in supply and demand. That is how they maintain the economic status of the people who are engaged in agriculture. 'Blue box' means, there is a system of making direct payment to the farmers not to produce, thereby they stabilise the economic status. But here, we sometimes withdraw the subsidy, and the prices of agricultural inputs like fertilisers, seeds, etc. are rising like anything. As a result, the cost of production is increasing. The support price to foodgrains is not being paid to them..

I do not wish to take much of the time of the House. I would request the hon. Minister to answer a few things which are very important. Firstly, the godowns available in all the States must be made available to the respective States to keep their surplus produce. It is our misfortune that in Orissa all the the godowns are occupied by Punjab rice and wheat. I would like the hon. Minister to make a commitment that to avoid this problem, the first priority to hoard or store the produce will be given to the particular State where the godowns are located.

Secondly, the Government should encourage the farmers to come forward to produce more grains when the cost of production goes down to a reasonable rate.

Thirdly, the Minister must spell out the mechanism that he is trying to build up to minimise the price of agricultural implements and inputs..

These are the three specific things to which I would like the Minister to respond. With these few words, I thank you.

SHRI P.H. PANDIYAN (TIRUNELVELI): Mr. Chairman, Sir, on behalf of All India Anna DMK, I would like to express my views on the plight of farmers. As early as 1972, when our Party was formed, our late leader Puratchithalaivar Dr. M.G. Ramachandran, had, even in the Party constitution, extended his support to the farming community. That was being followed after he came to power in 1977 and till 1987 when he was the Chief Minister, he wholeheartedly supported the farming community. After that, with the advent of Dr. Puratchithalaivi J. Jayalalitha the same principle was applied.

Sir, in this Parliament we rise above party affiliations to support the farming community because they are feeders of the present generation. What did we do for the farmers? What did we fail to do for the farmers? I was watching the General Insurance Business Nationalisation (Amendment) Bill, 2001. When it was introduced by the Finance Minister, it was objected to. He contested by saying that General Insurance Corporation is carrying on with crop insurance. Sir, this is the only farming sector which has no support from the Government on the question of paying

the premium. During natural calamities, during rainy season, during cyclone, during drought, famine, etc., the farmers suffer heavy losses.

In 1980, our former Chief Minister, late Dr. M.G. Ramachandran introduced a scheme of crop insurance in the State of Tamil Nadu. At the central level, the Government has not introduced crop insurance scheme. You have not protected the farmers. At the time of natural calamities, these crops are affected. How can he be compensated? Sir, to cite an example, I would like to draw the attention of the House to one incident. In Hosur district of Tamil Nadu in about 200 acres, there was about 30,000 banana seedlings from Indo-American seedlings. It was a famous supplier to Bangalore. The whole plantation was totally damaged due to genetic problem. He suffered a loss of Rs.19 lakh. Nobody compensated him. There is no legal provision to compensate such a victim who is a representative of the farming community. Do we have any supportive subsidy? Did we increase the subsidy on seed distribution as on date or subsidy on farm improvement or subsidy on bio-fertiliser or subsidy on sprinkler sets or drip irrigation? We have not distributed seeds free of cost. Did we increase subsidy on plant protection equipment and chemicals? You have not done anything. I am not charging anybody or any Government. We have a Constitutional and bounden duty and a moral obligation to protect the farming community.

Sir, on 28.7.2000, the Minister of Commerce and Industry while answering to a question said:

"The cost of cultivation has been affected by 1.5 per cent due to the increase in the prices of fertilizers like urea, DAP and MOP". Where are we going?

In the recent conference of Chief Ministers presided over by the Prime Minister, the Prime Minister mooted a suggestion that free electricity be done away with. I am told that most of the Chief Ministers opposed it, though I do not know who all opposed it. If the free electricity supply is abolished or withdrawn, what is the incentive that the farming community is going to have from the Government? This is the only connection or link between the Government and the farming community. Only for the purpose of running their pump-sets, electricity is used by farmers. This tariff concession or the subsidy on their consumption of electricity is the only connecting factor between the Government and the farming community. Otherwise farming is an independent profession or occupation. If, even this lone link is severed, farmers need not depend on the Government at all. But for their dependence on the Government for an essential service like electricity, they have nothing to do with the Government.

On the other hand, the Government is depending on the farming community because it represents the people. Parliament is the mirror of the people where we have total representation from all sections of the people. That is why, we have agitated on the farmers"" issue on this floor on many occasions. I am speaking on this issue for the second time in this Lok Sabha. Last year also we spoke on the subject when subsidy was withdrawn. With a little bit of agitation even inside this House, later on, that subsidy was restored to some extent. ...(*Interruptions*)

In India the basic occupation is agriculture. We are not basically industrialists. This country is not dependent on industries. We want agriculture to flourish. Without agriculture India cannot exist even for a day. You can create hi-tech zones, tidal parks, new economic zones, etc. That is not going to feed the people. You must first feed the people. Hi-tech computer is not going to feed the people. It is an advanced technology, no doubt. But agriculture is the one profession which is going to keep the people alive. Agriculturists are not being looked after well and they are not protected well by the Government; but we will not allow the electricity tariff concession to be withdrawn. ...(*Interruptions*)

There may be industrialists, politicians, teachers, professors, doctors, lawyers and any number of people belonging to other professions. But nobody can be equated to an agriculturist. We all come from agriculturist families. The generation started as early as a century back. We all belong to the family of agriculturists. We have land holdings. The Government has failed in its duty to protect agriculturists in their endeavour to cultivate in a holistic manner.

I would like to say a few words about the unfortunate side of producing a surplus crop and what happens even if he produces a surplus crop.

In spite of that good production, farmers face a piece of crash. If he produces even a surplus, he is not going to be benefited because he is not fixing the rate of the commodity. A farmer is not able to fix the rate. Reasonable rate is not fixed by the farmer. It is fixed by middlemen. Producer is not fixing the rate of his produce.

Sir, there are Quantitative Restrictions. Retaining Quantitative Restrictions having high bound rate as far as import duty is concerned is there because this is with regard to WTO. Why should these food items be included under WTO? It is not protected by any class. Under WTO, you can enter into trade agreement − GATT − on what is produced. Japan has levied 2000 per cent import duty. Can you impose such a duty here? An import duty of 2000 per cent has been levied by Japan on food items produced. So, we should follow that model.

MR. CHAIRMAN : Come to the main point please.

SHRI P.H. PANDIYAN : Sir, due to interruptions, there is no coherence. ...(*Interruptions*) Cash crops are in ruins. Every member of the farming community knows the fate of coconut in the whole of India, particularly in Karnataka, Tamil Nadu, Kerala and Andhra Pradesh. Prices have fallen down and recently an unknown disease caused by mite has attacked the coconut plantations in Tamil Nadu. There is no cure for it. Last week, I had been to Kanyakumari. Coconut growers met me and told me the fate of this disease. Why is the Government keeping quiet and not redeeming the coconut cultivators? It is the duty of the Government. You cannot say that it has not come to the knowledge of the Government. There is no crop holiday.

You know how the Government has dealt with copra prices and how it dealt with the middlemen in the copra deal. ....(*Interruptions*) Government alone can be middlemen. In the last occasion, we asked for an inquiry into the copra deal in Tamil Nadu. The Government has instituted a CBCID inquiry into the copra deal. But the kingpin has to be traced like how it is done in high level deals relating to Defence matters. There will be only a kingpin and he will be at a high level. No ordinary man can do it. Ordinary man cannot deal with all these types of international and inter-State deals. So, it is up to the Government to investigate the copra deal through the CBI applicable anywhere in the country, including Tamil Nadu. .....(*Interruptions*) To take care of domestic concerns the same WTO has given us the following weapons to meet with abnormal situations:

> "Tariff protection − Applied tariff can be raised at any time provided they do not exceed bound rates.
>
> Article VI of GATT and Agreement on implementation of Article VI (Anti-dumping Agreement) − Anti-dumping duties can be imposed if a product is dumped in the importing country at less than its normal value provided it causes material injury to domestic industry."

This is prevalent in India. It is being dumped here.

During the last week, the Minister of Commerce and Industry told this House that the Government has initiated prosecution against so many countries including the USA for having committed offences under the Anti-Dumping Act. We cannot allow dumping of eatables here....(*Interruptions*)

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY : We are most obedient to them.â€¦ (*Interruptions*)

SHRI P.H. PANDIYAN : What do we do about the Exim Policy? Under the Exim Policy, the Milk Products Order, 1992 was promulgated. Shri Mulayam Singh Yadav, your community is going to be affected by the Milk Products Export and Import Control Order, 1992. Under this Order, the Government is free to import ice-cream, milk, cheese etc. So, the Yadavs will not have the milching business. I am arguing for you. So, the Government should first withdraw that Export-Import Control Order, 1992 promulgated under the Exim Policy. They must withdraw it because dairy farming is also a part of agriculture. In every agriculture farm, there would be a dairy where milch-animals will be there. So, it is the bounden duty of the Government to protect the dairymen, the milkmen, the milk vendor and the agriculturists.

So, Sir, I join every hon. Member in this House in supporting the farmers, their plight, their expectations and their anxiety. The All-India Anna DMK is with the farmers irrespective of any political affliation.â€¦ (*Interruptions*)

SHRI V. VETRISELVAN (KRISHNAGIRI): Sir, it is not only the Anna DMK but all the parties are for the farmers....(*Interruptions*)

SHRI P.H. PANDIYAN : We rise above all party affiliations - barring the DMK!...(*Interruptions*) Because, they did not give support prices to the sugarcane growers....(*Interruptions*)

SHRI V. VETRISELVAN : Sir, may I clarify the position?â€¦ (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : No. Please take your seat.

...(*Interruptions*)

SHRI V. VETRISELVAN : The present Government has done a lot to the farmers....(*Interruptions*)

SHRI P.H. PANDIYAN : Under the rice procurement scheme, three wagons of rice were illicitly transported from Tuticorin in my constituency to Karnataka. Now, the CBI is investigating into the matter....(*Interruptions*)

SHRIMATI MARGARET ALVA (CANARA): Through Veerappan?

SHRI P.H. PANDIYAN : He belonged to Karnataka!...(*Interruptions*)

SHRI E. AHAMED (MANJERI): He is now in Kerala!

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY : Agriculturists who grow Sandalwood are doing very well....(*Interruptions*)

SHRI P.H. PANDIYAN : The Government of Tamil Nadu has not protected the interest of copra, coconut growers. It has been acting as a middleman.

About the Nilgiris tea plantation, I raised the matter under Rule 377 in this House. Small tea growers are finished. They are smashed. They have no future. We launched an agitation...(*Interruptions*) . Our party, the All-India Anna DMK alone launched it. My dear friends, did you launch any agitation? No. Our party alone launched the agitation in the Nilgiris.

SHRI E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN (SIVAGANGA): It was done with the help of the Congress....(*Interruptions*)

SHRI P.H. PANDIYAN : The Congress is there. But, without us, you cannot exist there. ...(*Interruptions*) I am with you.

MR. CHAIRMAN: Shri Pandiyan, please conclude now.

SHRI P.H. PANDIYAN : So, Sir, we support the farming community lock, stock and barrel. We will not allow the electricity concession to be withdrawn.

With these words, I conclude.

**श्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा) :** माननीय सभापति जी, कल से हम किसानों की समस्याओं पर चर्चा कर रहे हैं। यह बात सही है कि किसानों की हालत बहुत खराब है जिससे किसान परेशान है। कल से जो चर्चा हुई, उसमें हमारी सरकार पर अनेक आरोप भी लगाये गये। आश्चर्य यह है कि हमारी सरकार पर उन्होंने आरोप लगाये हैं जिन्होंने 54 सालों में से 50 साल तक हिन्दुस्तान पर राज किया है और 50 साल के इस राज के दौरान उन्होंने आर्थिक नीति को आठ बार बदला। लेकिन इन 50 सालों में वे एक बार भी कृािा नीति नहीं बना पाये। अगर पहली बार कृािा नीति सदन के पटल पर रखी गयी है तो वह एन.डी.ए. की सरकार ने और ि वद्वान कृािा मंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने यहां पेश की है।

इसके पहले भााण देकर जाने वाली इनकी सरकार किसान की नीति भी नहीं बना पाई। मैं कल से सामने से भी भााण सुन रहा हूं। यह बात सही है कि आज खेती फायदे का धंधा नहीं है, घाटे का सौदा हो गई। किसान ऋण के जाल में फंसा है, मजबूर है, विवश है, यह बात भी सही है। किसान केवल इसलिए खेती करता है कि उसके पास और कोई धंधा नहीं है, मर्जी से नहीं, मजबूरी में खेती करता है। अगर उसे और कोई धंधा मिलता तो कब का खेती छोड़ कर दूसरे धंधे में चला जाता। हम सारे संसद सदस्य अच्छी तरह जानते हैं कि हमारे पास अच्छे-अच्छे किसान आते हैं और कहते हैं कि कोई भी नौकरी हमारे लड़के को मिल जाए तो वह खेती से बेहतर रहेगी। लेकिन हम विचार करें कि दोाी कौन है। क्या ढाई साल की एन.डी.ए. की सरकार दोाी है? अनेक प्रकार के आरोप लगाए गए। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या डब्ल्यू.टी.ओ. का समझौता हमारी सरकार ने किया है? डब्ल्यू.टी.ओ. का समझौता, कहने लगे कि इसमें एन.डी.ए. की सरकार का हाथ है, अगर इंटरनैशनल मार्किट में क्रूड ऑयल के रेट्स बढ़ गए तो कहने लगे कि एन.डी.ए. की सरकार का हाथ है, कहीं ज्यादा वाा हो जाए और बाढ़ आ जाए तो एन.डी.ए. की सरकार का हाथ, ओले गिर जाएं, फसल नट हो जाए तो एन.डी.ए. की सरकार का हाथ है। मुझे लगता है कि अगर किसी के घर में जुड़वां बच्चे भी पैदा हो जाएं, तब भी कहेंगे कि इसमें भी एन.डी.ए. की सरकार का हाथ है। आप समस्याओं की तह में जाइए। मैं कहना चाहता हूं कि पचास साल जो सरकार चली है, उसकी गलत नीतियों के कारण आज किसान परेशान है। हम उन नीतियों को बदलने का प्रयत्न कर रहे हैं लेकिन एक साल में सारी स्थिति ठीक नहीं हो सकतीं। यह मामला यहां बार-बार उठा है कि किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य नहीं मिलता। यह बात सही भी है।â€¦( व्यवधान) किसान की बात बोल रहे हैं। हम घड़ियाली आंसू किसानों के नाम पर नहीं बहाते, हम यथार्थ के धरातल पर खड़े रह कर बात करते हैं।

**सभापति महोदय** : चौहान जी, आप चेयर की तरफ मुखातिब होकर अपना भााण कीजिए, टोका-टाकी में न फसें।

**श्री शिवराज सिंह चौहान** : आज किसान घाटे की खेती कर रहा है, इसमें सच्चाई है। ऐसा नहीं है कि कदम नहीं उठाए गए हैं, कदम उठाए गए हैं। डब्ल्यू.टी.ओ. के समझौते के कारण जो बाजार खुले, उसके कारण बड़ी मात्रा में विदेशी कृािा उत्पाद हमारे देश में आए। अगर बजट का भााण, जो वित्त मंत्री जी ने दिया था, उसे पढ़ेंगे तो उन्होंने कहा है कि सीमा शुल्क सभी कृािा उत्पादों पर बढ़ाया गया - गेहूं पर 50 प्रतिशत, चावल पर 70 से 80 प्रतिशत , मक्के पर 50 प्रतिशत, चाय, काफी, गरी, सुखाए हुए नारियल पर 35 से बढ़ा कर 70 प्रतिशत तक किया है। सीमा शुल्क की दरें बढ़ा कर हमारी सरकार ने किसान को प्रोटैक्ट करने की कोशिश की है। जहां तक समर्थन मूल्य का सवाल है, यही सरकार थी जिसने 65 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य में वृद्धि की थी और आज भी मुझे विश्वास है कि अगर इस समर्थन मूल्य से भी काम नहीं चलेगा तो हमारी सरकार इस समर्थन मूल्य को और बढ़ाने का काम करेगी। मैं इस ओर कृािा मंत्री जी का ध्यान आकर्िात करना चाहता हूं। समर्थन मूल्य घोाित हो जाते हैं लेकिन खरीद करने का काम राज्य सरकार की देख-रेख में होता है। बीच में कई बिचौलिए आ जाते हैं। मैंने देखा है कि कई किसान अपना माल ट्रैक्टर, ट्रालियों में भर कर मंडी में खड़े रहते हैं, किसान का थोड़ा-बहुत माल खरीदा जाता है, बाद में उनको वापिस भेज दिया जाता है, खरीदी बंद हो जाती है, फिर वही माल बिचौलियों के माध्यम से कुछ व्यापारी खरीदते हैं। व्यापारी मेहनत नहीं करता, खून-पसीना नहीं बहाता, किसान का माल खरीदता है और समर्थन मूल्य पर वहीं बेच देता है। ऐसी चीजों पर नजर रखने की जरूरत है।

सभापति जी, किसान का जो कृािा उत्पाद पैदा होता है, वह सस्ता बिकता है और उपभोक्ता को महंगा मिलता है। हमारे क्षेत्र में किसान टमाटर पैदा करते हैं। हमने भी अपने क्षेत्र में कहा कि केवल गेहूं और चावल से काम नहीं चलेगा, आप फल, सब्जियां उगाएं। लेकिन फल और सब्जी लगाने से कहां बेचें? हमारा किसान दो रुपये किलो टमाटर बेचता है और वही भोपाल, इन्दौर और दिल्ली में आकर 12 से 16 रुपये किलो बिकता है। मैं विदिशा संसदीय क्षेत्र से आता हूं। विदिशा, रायसेन, सिहोर का गेहूं पूरे भारत में प्रसिद्ध है। हमारा गेहूं मुम्बई तक जाता है। हमारा किसान उस गेहूं को 500-600 रुपये प्रति क्विंटल बेचता है लेकिन वह गेहूं मुम्बई में 1600 से 1800 रुपये प्रति क्विंटल बिकता है। किसान को उसकी पूरी कीमत नहीं मिलती और उपभोक्ता को गेहूं महंगा मिलता है, बीच में बिचौलिए अपनी तिजोरियां भर लेते हैं।

इन बिचौलियों पर कंट्रोल करने की आवश्यकता मुझे महसूस होती है। अनेक कठिनाइयों का सामना हमारा किसान कर रहा है, उनमें सबसे प्रमुख कठिनाई मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। मैं यह कहना चाहता हूं कि आज भी दो तिहाई खेती हमारे देश की सूखी है। अनइर्रीगेटिड खेती, सूखी खेती किसान कर रहा है। 50 साल

कांग्रेस का राज रहा, मैं पूछना चाहता हूं कि हमने जो सिंचाई की योजनाएं, जो 20-20, 25-25 साल से चल रही हैं, कान्ति लाल जी यहां बैठे हैं, मैं कहना चाहता हूं कि बरगी का बांध बने हुए 20 साल हो गये। बरगी का बांध तैयार है, बांध में पानी भी है, लेकिन नहरें आज तक नहीं बनीं और इसलिए बांध में जो अरबों रुपया लगा, वह भी बेकार चला गया। बाद में उस बांध का पानी खाली करने के लिएâ€¦

(व्यवधान)

**श्री शिवराज सिंह चौहान :** बांध बनकर तैयार हो जाये और मध्य प्रदेश की सरकार नहरें नहीं बना पाये और उससे किसानों के खेत सूखे रह जायें तो इसमें किसका दोा है। रामानन्द जी बैठे हैं, बाणसागर बांध 20 साल से बनकर तैयार पड़ा हुआ है, ऐसे एक नहीं, अनेकों इर्रीगेशन के प्रोजैक्ट आधे-अधूरे पड़े हुए हैं, लेकिन प्र ादेश सरकार की अदूरदर्शिता के कारण मैं पूरे दावे के साथ कहता हूं कि 90-90 साल से लघु सिंचाई योजनाएं मध्य प्रदेश में अधूरी पड़ी हुई हैं। उन लघु सिंचाई योजनाओं की मरम्मत तक का काम भी हम नहीं कर पाये। नहरों की टूट-फूट भी हम नहीं कर पाये। मेरे अपने रायसेन जिले में अब्दुल्लागंज के पास आमछा करके एक बांध था, लक्ष्मण सिंह जी भी जानते हैं, उसमें केवल 5-6 हजार रुपये खर्च होने थे, लेकिन प्रदेश सरकार ने मरम्मत के लिए पैसा नहीं दिया, कहा कि पैसा है ही नहीं, इसके कारण वह बांध टूट गया।

**श्री लक्ष्मण सिंह (राजगढ)** : प्रदेश से ज्यादा लगाव हो तो अगली बार विधान सभा का चुनाव लड़ लेना। यहां आप लोक सभा की चर्चा करो, वरना विधान सभा में जाओ।â€¦( व्यवधान)

**श्री शिवराज सिंह चौहान :** यह बात विधान सभा और लोक सभा की है, आप क्या बात कर रहे हो। बांध टूटने के कारण किसान परेशानहैं और आज तक उसकी मरम्मत का पैसा नहीं पहुंचा।

बिजली जैसे मामले को भी हमने केवल वोट से जोड़ दिया है। मध्य प्रदेश के चुनाव में बड़ी लम्बी-चौड़ी घोाणाएं की गईं कि कांग्रेस आई तो बिजली फ्री होगी। अब कांग्रेस आ गई, बिजली तो फ्री नहीं हुई, लेकिन मध्य प्रदेश जरूर बिजली से फ्री हो गया। दो-दो, तीन-तीन घंटे मध्य प्रदेश में बिजली जा रही है।

**सभापति महोदय** : आप बिना अनुमति के बोलने के लिए खड़े हो जाते हैं, यह ठीक बात नहीं है।

**श्री शिवराज सिंह चौहान** : बिजली के बिल लम्बे-चौड़े आते हैं और किसान जब आन्दोलन और प्रदर्शन करते हैं तो यहां कांग्रेस के मित्र घड़ियाली आंसू बहाते हैं और वहां मुलताई में किसानों पर गोलियां चलती हैं तो 21 लोग मरते हैं। पिछले दिनों सिवनी जिले में राजेश राय नाम का किसान, जो पानी के लिए किसानों का प्र ादर्शन था, उसमें गोली चला दी गई, उसमें राजेश राय मर गया। उसके बाद हम आन्दोलन करनेपहुंचे तो मध्य प्रदेश की सरकार ने महाराट्र से मध्य प्रदेश में 3-4 सांसदों को घुसने नहीं दिया, सांसदों को गिरफ्तार किया। यह बिजली की व्यवस्था है, यह केवल केन्द्र सरकार पर निर्भर नहीं है। इसको भी ठीक करना पड़ेगा।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं। प्राकृतिक आपदाएं आती हैं, कहीं ओले से, कहीं इल्ली से, कभी सूखे से, कभी पाले से और किसान की फसल चौपट हो जाती हैं, बर्बाद हो जाती हैं, नट हो जाती हैं। अगर एक बार किसान की फसल बर्बाद हो जाये, एक बार किसान पिट जाये तो फिर तीन साल तक किसान पनपता नहीं है, वह कर्जे के जाल में फंसता चला जाता है। सरकार ज्यादा से ज्यादा यह करती है कि उसका जो अल्पावधि ऋण है, उसे दीर्घकालीन ऋण में बदल देती है। उसका ब्याज भी उस पर लगता है, जिससे वह किसान पनप नहीं पाता। मैं एन.डी.ए. की सरकार को, कृाि मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा कि सरकार नई फसल बीमा योजना लेकर आई है। उसके लिए 268 करोड़ रुपये इस बजट में रखे गये हैं, लेकिन बाकी प्रदेश की सरकारों से अगर पूछें तो मध्य प्रदेश में वहां के माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अभी हम इसे लागू नहीं करेंगे, 2002-2003 तक यह लागू होगी। मेरा निवेदन है कि फसल बीमा योजना पूरे देश में लागू की जाये। राज्यों कि रहमो करम पर, प्रदेशों के रहमो करम पर किसानों को नहीं छोड़ा जाये। फसल बीमा योजना को लागू करना बाध्यकारी बनाया जाये। एक और महत्वपूर्ण बात मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि हमारे यहां किसान को हम अच्छे बीज उपलब्ध नहीं करा पाते। रेणुका जी अभी प्रतिस्पर्धा की बात कह रही थीं कि डब्लू.टी.ओ. के समझौते पर सिगनेचर हमने यह सोचकर किये थे कि हमारा किसान प्रतिस्पर्धा में उतरेगा। आप किससे प्रतिस्पर्धा करवाना चाहती हैं, पश्चिम के देशों से, यूरोपीय समुदाय के देशों से, अमेरिका से, जहां वैज्ञानिक खेती होती है, मशीनीकृत खेती वहां होती है, उनके पास नई तकनीक है, बिजली की कमी का सामना उन्हें नहीं करना पड़ता।

वहां बड़े-बड़े फार्म हैं, उन किसानों से हमारा किसान कैसे प्रतिस्पर्धा करेगा। एक पहलवान जो बरसों से खा-पी रहा हो और रियाज कर रहा हो, उसके साथ किसी दुबले-पतले सींकिया आदमी को कहें कि लड़ो तो वह कैसे उस पर विजय प्राप्त करेगा। इसलिए हमारा किसान तब प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं सकेगा। उसको टिके रहने लायक बनाने का प्रयत्न करना चाहिए। हमारे किसान को समय पर बिजली नहीं मिलती, खाद नहीं मिलती। कीटनाशक दवाओं का यह हाल है कि एक बार मैं अपने संसदीय क्षेत्र का दौरा कर रहा था तो मैं एक गांव में गया। वहां लोगों ने कीटनाशक दवा का बोरा लाकर मेरे सामने रख दिया। मैंने उस सभा में कहा कि इसका यहां क्या काम है, तो उन्होंने मुट्ठी भर इल्ली यानी कीड़ा लाकर उस बोरे में डाल दिया। आधे घंटे के बाद जब बोरा खोला तो देखा कि इल्लियां नहीं मरी थीं। इस तरह किसानों को घटिया कीटनाशक दवाएं दी जाती हैं, घटिया खाद दी जाती है। इस पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है।

मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों में सड़कों का नितांत अभाव है। अब आप कहेंगे कि खेती का सड़कों से क्या सम्बन्ध है। मैं आपको इस बारे में बताता हूं। मैं खंडवा जिले में गया था, जहां शाहपुर में चुनाव हुआ था। खंडवा से लेकर डेढ़तलाई तक मैं गया। वहां गड्ढे में सड़क है या सड़क में गड्ढा है, यह पता नहीं चलता। आंख बंद करके चलो तो ऐसा लगता है कि नदी में नाव में बैठकर जा रहे हो कि कभी नाव ऊपर जाती है और कभी नीचे आती है। तन और मन दोनों डोलते हैं। किसानों ने कहा कि हमें सड़क के कारण परेशानी है और हमें इससे अपनी फसल का पूरा मूल्य नहीं मिलता। मैंने कहा कि सड़क का फसल से क्या सम्बन्ध है। इस पर उन्होंने कहा कि समबन्ध है। ट्रांसपोर्टर समय पर नहीं आते हैं और आते भी हैं तो ट्रक में केला भरकर भेज देते हैं तो महाराट्र पहुंचते-पहुंचते उस केले का हलवा, लुगदी बन जाती है और वहां उसका दाम नहीं मिलता।

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस बार 125 करोड़ रुपया ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए दिया गया है। लेकिन ऐसी सड़कों को ठीक करना भी आवश्यक है।

सभापति महोदय, कोल्ड स्टोरेज और गोदामों का निर्माण बहुत महत्वपूर्ण चीज है। किसान के पास माल है तो कहां रखे, पूरे देश में इसकी भारी कमी है। अगर वह फल या सब्जी पैद कर ले तो वहां मार्केट नहीं मिलती और कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था नहीं है। इस बार बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री जी ने कहा है कि कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था के लिए और गोदामों के निर्माण के लिए कम ब्याज और सब्सिडी पर भी ऋण उपलब्ध कराएंगे। इससे समस्या का ठीक ढंग से समाधान किया जा सकता है।

अंत में एक बात और कहना चाहता हूं। एन.डी.ए. की सरकार ने एक करोड़ दस लाख किसानों को क्रेडिट कार्ड दिए हैं। 50 साल के राज में कांग्रेस वाले यह काम नहीं कर पाए। इस सरकार ने कहा है कि तीन साल में सारे पात्र किसानों को क्रेडिट कार्ड बांट दिए जाएंगे। इसके कारण किसानों को ऋण मिलना सस्ता और सुलभ हो जाएगा। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। किसानों के सवाल को हम दलगत राजनीति के आधार पर न देखें। हम आंखों से दल का चश्मा उतारकर केवल किसानों के सवाल पर निपक्ष विश्लोण करें। एन.डी.ए. की सरकार इसके लिए तैयार है। किसानों के हित के लिए जो कुछ भी किया जा सकता है, वह करने के लिए कदम

उठाएगी। हम सब अच्छी तरह जानते हैं कि अगर किसान खुश होगा, समृद्ध होगा तो देश भी समृद्ध होगा। किसान की जेब में पैसा आता है तो वह बाजार में जाता है और व्यापारिक दुकान से माल खरीदता है। दुकान से माल बिकता है तो कारखानों के पहिए चलते हैं। कारखाने चलते हैं तो पूंजी का निर्माण होता है। पूंजी का निर्माण होता है तो फिर नए कारखाने खुलते हैं। इसलिए किसान की समृद्धि आवश्यक है। एन.डी.ए. की सरकार इस दिशा में ठीक ढंग से काम कर रही है। मुझे भरोसा है कि आने वाले समय में किसान इस चुनौती का सामना करने में समृद्ध होगा।

**श्री कांतिलाल भूरिया (झाबुआ) :** इन्होंने मेरा नाम लिया है। कांग्रेस गवर्नमेंट ने बड़े-बड़े डैम बनवाये, जिससे इस देश में खुशहाली आई। कांग्रेस की जो योजनाएं आज अधूरी पड़ी हैं, उनको आप पूरा नहीं कर रहे हैं। मेरे लोक सभा क्षेत्र में माही बांधी है। आज आप उसको पैसा नहीं दे रहे हैं, सरकार कितना बड़ा पक्षपात कर रही है और कांग्रेस सरकार की आप बात कर रहे हैं। आप पैसा दो और उसको पूरा करवा दो।

।

SHRIMATI MARGARET ALVA (CANARA): Mr. Chairman, Sir, this is the third time that we are speaking about the problems of farmers in the House in the last few months. We brought forward the issue for the first time here when the Session began. It took seven days for this Government to accept it on the Agenda for discussion that we had been asking for as an Opposition party. सात दिन तक हाउस नहीं चला। उसके बाद आपने माना कि डिसकशन होगा। This is a proof of the amount of importance that you are giving to the problems of farmers. Today, I am glad that in the end of his speech, my colleague just said :

"इसमें तो कोई पक्षपात नहीं आना चाहिए, सबको साथ मिलकर काम करना चाहिए, पर आपका भाषण ऐसा था कि उसमें मध्य प्रदेश की राजनीति को छोड़कर किसानों की राजनीति के बारे में कुछ नहीं था।"

**16.44 hrs. (डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय पीठासीन हुए)**

**श्री शिवराज सिंह चौहान :** सच्चाई बयान की।

**श्रीमती मार्ग्रेट आलवा** : बाद में की। What I am saying is that when you speak, you make it a political issue and a local issue. You make it literally as if you are addressing a public meeting for some election.

Look at this as a national issue, the farmer in India feeds all of us. किसी ने मुझसे अभी पूछा था कि आप भी फॉर्मर्स के ऊपर बोल रही हैं? आप सोचते हैं कि जो गांव में बैठते हैं, वे ही किसान पर बोल सकते हैं। मेरी भी रूरल कांस्टीट्यूएंसी है। हम लोग भी गांवों में जाते हैं और हम जानते हैं कि किसान की क्या मुसीबतें हैं। But the main problem that I am pointing out is that while 80 per cent of our population depends on agriculture in one form or the other for their livelihood and for their survival, we are surprised at the callous way in which the whole issue is being addressed to by this Government.

Someone spoke a little while ago and I am shocked, when he said आज तो एग्रीकल्चर का उत्पादन ज्यादा हो गया। मैं आपको बताना चाहती हूं कि in the 70s, it was Indira Gandhi who brought the Green Revolution to this country. At that time we had drought and other problems and when we asked for goodgrains from the countries of the West, they attached strings and they put all sorts of conditions. That time she came back and said that we will never beg for food again; food security will be our first issue; and she put the scientists together headed by Dr. Swaminathan and the Green Revolution came. Ever since then, our emphasis in the Government has been food security.

आज क्या हो रहा है? Where is the food security? On the one hand, we are talking about godowns which are overflowing and there is more and more of production and on the other hand we are importing foodgrains. In addition to this, we do not have a policy by which this foodgrains or what we produce can be distributed in an equitable way and which can reach those who are really living below the poverty line, starving or even hungry today.

What is happening in the areas of Orissa? My hon. colleague spoke about the existence of disparities. Do they have a policy which they can present and say this is what we are doing. When we had surplus grains, when we were in Government, we went in for the mid-day meal scheme. We went in for food for work. We saw that the foodgrain were utilised in different ways so that they reached those who needed...(*Interruptions*) आप बैठिए, मै किसी को डिस्टर्ब नहीं करती हूं।â€¦( व्यवधान)

**डॉ.जसवन्त सिंह यादव :** जहां कांग्रेस की सरकार है, जैसे मध्य प्रदेश में आपकी सरकार है, वहां तो कम से कम आप किसान को कुछ सुविधा दिलवा दें।â€¦( व्यवधान)

**सभापति महोदय :** यादव जी, वह यील्ड नहीं कर रही हैं। आप कृपया बैठिए।

SHRIMATI MARGARET ALVA : I am not yielding...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Shri Yadav, she is not yielding, please take your seat.

SHRIMATI MARGARET ALVA : That is why I said, the whole issue is being reduced to the State level. I am saying, ""for God""s sake look upon this issue as a national issue in which the fate of the farmers and the fate of this nation, for food security, are very closely tied up.

When a man is hungry you do not ask him, "Are you a BJP man or a Congress man?" When you go to a farmer you do not ask that I will give you fertilizer if you belong to this party or that party. I am talking about the entire issue that is threatening the food security of this country.

There are three basic issues. I am talking about the capacity to produce which we have proved we have. But the question of dumping of various kinds of foodgrains from outside which is going to create an imbalance in the entire food security system has to be taken note of. जब भी आप बोलते हैं, यही बोलते हैं कि कांग्रेस ने डब्ल्यूटीओ साइन किया। कांग्रेस का नाम लिए बिना आप लोग कुछ नहीं बोल सकते हैं, आप कुछ नहीं कर सकते हैं। They have got this phobia of Congress, Congress and Congress. I would ask them to forget about parties and talk about the issues. I am asking them today, "What is their reply to the WTO issues?"

I was invited, a few months back, and I went to the World Economic Forum. I was the only MP from this country speaking about the impact of WTO on developing countries. I spoke and spoke so strongly that at the end of it my colleagues in other countries of the developing world said, "Why does not your Government talk like this in other forums?"

We used to look to India to take the lead. Today we do not know whom to look at because your Government is silent in every international forum. Why are we not taking a clear stand? Why are we afraid of these pressures from outside? Why are we submitting to pressures, which we should not submit?

As far as WTO agreement is concerned, the initial negotiation and signature at that time became inevitable but you had five years in which a number of these clauses were to be negotiated and re-negotiated. Why did you close your option by signing the final agreement, five years ahead of the final time was given to us?

पांच साल का समय था, आप नैगोशिएट कर सकते थे । There was a clause by which re-negotiation was possible. You closed your options by signing the final agreement, by which you have got yourself tied up, and this is a fact, I know.

I will ask you just a few questions. On the one hand, you have grain, which you are not able to deal with. On PDS, we all raised it in this House. We marched to the Prime Minister's house and pleaded with him, "Do not raise the prices in PDS. The poor people are benefiting from PDS." आप इसको रेज मत करिए। सब्सिडी विदड्रा मत करिए । सोनिया जी ने लीड किया था - प्राइम मिनिस्टर ने उत्तर दिया -सोनिया जी हम कुछ नहीं कर सकते हैं । That was the only answer we got. What did you do? You raised the prices. PDS is not lifting all the foodgrains that are available because it is too expensive, your godowns are full, grains are rotting, and you are paying heavy cost to keep it in the godowns. You could have maintained the subsidy for PDS and moved the grain. When you found that you had to dispose it of finally − we had earlier raised it here − what you bought for Rs.900 a quintal, you sold it at Rs.650 a quintal to the rolling mills to empty your godowns. You could have given to PDS as a subsidy of Rs.250, which you have lost per quintal. What did you do with it? On every count, you have been mismanaging and mishandling the grain in this country. When it comes to fertilisers, you have withdrawn the subsidy or at least you have reduced the subsidy.

The other day in Bangalore, the Prime Minister had spoken that electricity must be charged for the farmers. He said: "We have to think about it." The Prime Minister, yesterday, in the House - we were shocked - has said: "ठीक है, चुनौतियां तो हैं । If you cannot grow grain because too much of it is there, you can grow vegetables and fruits." Is that the answer from the Prime Minister in this House?

**श्री नीतीश कुमार :** आप मेरे भााण तक रुकिएगा, नहीं तो मुझे बीच में कुछ कहना पड़ेगा ।

SHRIMATI MARGARET ALVA : He said this in this House. यह तो कल भााण दिया था । इसी सदन में अभिभााण के प्रस्ताव पर कल उत्तर दिया है ।

SHRI NITISH KUMAR: Madam, what is the meaning of diversification? It is being talked about for so many years. ...(*Interruptions*)

SHRIMATI MARGARET ALVA : I know diversification. ...(*Interruptions*)

SHRI NITISH KUMAR: What do you mean by diversification? We will have to diversify some part of the land from foodgrains to vegetables, fruits, and to other cash crops. This is the meaning of diversification. Unnecessarily you are creating a bogey on the Prime Minister's honest statement. ...(*Interruptions*)

SHRIMATI MARGARET ALVA : You are telling the farmers, "Do not grow rice and wheat. It is not important. Grow vegetables and fruits." ...(*Interruptions*) Sir, I am not yielding. ...(*Interruptions*)

**सभापति महोदय :** आप बैठिए । यादव जी आप बार-बार इन्टरप्ट मत करिए। रासा सिंह जी, मार्ग्रेट अल्वा जी यिल्ड नहीं कर रही हैं । आप बैठिए ।

â€¦( व्यवधान)

SHRIMATI MARGARET ALVA : Mr. Chairman, Sir, they are saying, `diversify'. The Government is saying that. Yet, you are allowing import of vegetables, import of fruits, and import of milk products. My hon. Member is not here now, who has challenged us. All the foreign ice creams, cheese, butter and everything are in the country. एक किलो ग्राम नहीं आ रहा है । हम आपको वह लाकर पार्लियामेंट की टेबल पर रखेंगे । फारन ब्रान्ड इम्पोर्ट कर रहे हैं । किसको बोल रहे हैं कि कुछ नहीं कर रहे हैं । हम मार्केट में देख रहे हैं, इसलिए मैं बोल रही हूं ।

Diversification is okay. But when you diversify, apples are coming from abroad. All fruits and vegetables are available from everywhere. Coconuts are coming. What is the crisis with the coconut industry? You leave alone apples. Even from our area, we have been fighting about the betel-nut, arecanut which are just coming from outside. Everything is in the market from everywhere. You tell me what should I grow? You tell me to diversify every single item. When tobacco industry had a crisis, you said, "crop holiday, do not grow tobacco." What will they grow? Give them an alternative. This is the price. Go and grow something else. Every year the farmer becomes an expert. आपने इतने साल गेहूं बो दिया, अब इसे छोड़ो और कोई दूसरी फसल बोओ। Is it that the farmer is an expert that he can change the crop every year and grow something else? It is because नीतीश कुमार जी, आप जैसे मंत्रालय बदलवाते हैं, वैसे ही फार्मर को बोलते हैं कि तुम इसे बदल दो। It takes you two years to learn the subject in the new Ministry. The poor farmer must learn it every year and know how to do it. What is happening? I am asking you this.

What policy do you have for distribution of this foodgrains which you have? You cannot export it because your cost of production and transportation is too high. It is rotting in the godowns. You do not give it in the PDS at reasonable rates. You are withdrawing all the benefits that were given to the farmers, and you say, 'survive'. I want to know this. This is the problem of the farmer. The worst daily wage earner is the agricultural labourer. You have no VRS for them. You have no insurance for them. We had for them the Employment Guarantee Scheme. In the non-productive season, there is a guarantee for some employment. How much of this you have continued and how much of it you have cancelled?

You are talking about crop insurance. आप ग्रीन कार्ड की बात कर रहे हैं, यह क्रॉप इंश्योरेंस क्या है? If the crop is standing, it is insured. The day it is cut and it is still in the field, even if there is a storm or a cyclone or it is destroyed, there is no insurance. There is no insurance once the grain has gone into godown unless the godown owners insure it. The poor farmer cannot afford it and godown owners do not do it. So, what happens? The FCI has bungled.

In my State, regarding maize, there has been a crisis with the standing crops. There was no collection and buying. Finally, you have told the States, 'we authorise you to procure, do not wait for the FCI but do it through your State machinery'. स्टेट मशीनरी के पास गोडाउंस के लिए पैसा कहां से आएगा। आप एडवांस दो, हम रिएम्बर्स करेंगे। Suddenly, you want the State Governments to take the responsibility of FCI because you cannot handle it.

I am just coming to this. You should have a clear policy. You have to fight the dumping and the indiscriminate import into this country. You have to see how you can help the farmers. You are withdrawing the subsidies. You want to charge electricity. You want all the burdens to be shifted to the farmers. You want them to produce at remunerative prices and feed the nation. How long are you going to challenge the farmers? The day the will of the Indian farmer to produce goes, your food security goes. That is what the developed world wants to make India once again dependent on them for your food supply and for your food security. This, I say, is the challenge to all of us today. I do not say, it is to the NDA or to you or to your Government. I say, this is the challenge to India. If you cannot feed your people and you cannot ensure food security, do not talk about any other kind of security for this country.

The nuclear bomb is important. Kargil issue is important. Our Army is important. Everything is important but none of them can fight for you by depending on your food from foreign countries.

One more important question has not been touched which I want to raise. That is the question of agricultural land. We have brought about land reforms. Of course, I do not know about some States like Bihar and Uttar Pradesh. But in most parts of the country, there was land reform. The small farmers, with their might, were producing something. Today, the huge MNCs are coming. The Government is guaranteeing land to them at certain committed prices. Agriculture land is being acquired and given to the MNCs and big companies. How much of it is going to be left with the farmers?

**17.00 hrs.**

They are being forced to give lands so that the big companies can come and those are attended at one single window present in Delhi. We promise you one window in Delhi and you will get everything.

लैंड किसकी जा रही है? The farmers will sell them land today in despair, but tomorrow where will you produce your foodgrains, or cash crops or vegetable and your alternatives?

As far as the milk for the community is concerned , I have already spoken about the dairies. We had brought the White Revolution. We were the largest exporters of milk products in the last so many years for the white revolution.

We are today getting them from New Zealand, here and there all the possible dairy products, which we never saw all these years. And since I am talking here, any sector we take, whether it is inland fisheries, whether it is other fisheries, deep sea trawlers, an agitation is going on. On every account, the food chain is being destroyed. The Government may talk about cold storages and it may talk about anything else.

I beg of the hon. Minister − he is a man from the grassroots, he knows the reality of the situation. I know that when one is in the Government, one has to close one's eyes to many things. But he may please remember that he and I will be held responsible for the destruction of this great nation's capacity to feed its people. We are a growing population and gradually our production is becoming stagnant. We have to meet this challenge and we have to find answers. I ask him what altogether we can do and let us find the answers and stand together to see that this country never has to beg for food, and never has to ask for food from outside.

The slogan of *Jai Jawan, Jai Kisan* is relevant today. The *Kisan* is dying and the *Jawan* is dying more or less. Unless we make up our mind to put things right and rise above bickerings over the party issues, and look upon it as a national challenge and find national answers, we will be repenting later on.

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) :** सभापति महोदय, आज किसान की, संपूर्ण देश की दौलत पैदा करने वाला जो समूह है, जो मेहनतकश है, कामगार है उसकी समस्याओं पर इस सदन में चर्चा हो रही है। सभापति महोदय, मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि जिन माननीय सदस्यों ने इस बहस में भाग लिया है केवल औपचारिकता पूरी करने से किसानों का भला नहीं होगा, किसान की बुनियादी समस्या का हल नहीं होगा। इसके लिए हमें दल की सीमाओं से जरा ऊपर उठना होगा। माननीय मंत्री महोदय भी अभी यहां पर नहीं हैं। वे भी किसान परिवार में पैदा हुए हैं और काफी नजदीकी से किसानों की समस्याओं को जानते हैं। माननीय मार्ग्रेट अल्वा जी भी बीच में उठकर बोलीं। लगता है कि जैसे कोई कंप्टीशन हो रहा है और यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। हमें पार्टी और दल की सीमाओं से ऊपर उठना होगा।

आज देश की 70 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर करती है और किसान ही ऐसा संवर्ग है जो संपूर्ण देश को, जवान और आवाम को खाना खिलाता है। इस बात को जिस गंभीरता से हमें लेना चाहिए वह गंभीरता आज दिखाई नहीं देती है और इसको कहने में मुझे कोई हिचक नहीं है। मैं आमतौर पर बोलता नहीं हूं। लेकिन आज किसान का सवाल है, इसलिए मैं बोल रहा हूं। किसान ऐसा संवर्ग है जो ईमानदार है। आप दूसरे वर्गों के लीजिए - चाहे नौकरशाहों को लीजिए, चाहे किसी और वर्ग को लीजिए। अगर चार किलीमीटर की सड़क बनेगी तो पांच किलोमीटर का बिल भर देंगे लेकिन किसान जब तक चार कट्ठा जमीन में उन्नत किस्म का बीज नहीं डालेगा, पानी का मैनेजमेंट नहीं करेगा, उसकी देखरेख नहीं करेगा तब तक उसकी पैदावार नहीं होगी। उसकी चार कट्ठा जमीन में ही पैदावार होगी, पांचवें कट्ठे में पैदावार नहीं होगी। आज उस कम्युनिटी पर हम बहस कर रहे हैं।

मैंने इसलिए गम्भीरता से निवेदन किया। यह वह कम्युनिटी है जो बेईमानी नहीं करती। वह लक्ष्य पूरा करती है। आज पूरे देश में ढिंढोरा पीटा जा रहा है। यह अवमूल्यन और गिरावट का दौर है। सदन में हुई चर्चा में भी गिरावट आई है। इसे हर माननीय सदस्य मन या बेमन से स्वीकार करता होगा चाहे इसे कोई बोले या न बोले। कार्यपालिका हो, न्यायपालिका हो, यह लोकतंत्र के स्तम्भ हैं। प्रेस और मीडिया के क्षेत्र में भी गिरावट आई है। इस गिरावट के दौर में किसान ने अपने अनाज में गिरा वट नहीं आने दी। इसका इकोनॉमिक सर्वे में संकेत मिलता है। हरित क्रांति से लेकर अब तक भंडारण की समस्या को लेकर बहुत ढिंढोरा पीटा गया। इससे काम नहीं चलेगा। तथ्यहीन आरोप लगाने से काम नहीं चलेगा और इस बहस से बाहर नहीं निकला जा सकता है। समाधान और नीति पर बहस होनी चाहिए। इस बहस का कोई नतीजा निकलेगा या नहीं? आज देश का किसान मानसिक पीड़ा से गुजर रहा है। शायद इसका सरकार सही आकलन नहीं कर रही है। मुझे इस बात का भरोसा है कि मंत्री जी इसका जवाब देंगे क्योंकि वह किसान घर में पैदा हुए हैं। मैं अपनी मां की दर्दभरी कहानी सुनाना चाहता हूं। मैंने परसों अपनी मां को टेलीफोन किया। मेरी मां पढ़ी-लिखी नहीं है। मैं छोटे किसान के घर में पैदा हुआ हूं। नीतीश भाई इस बात को जानते हैं। हमें निर्वाचन क्षेत्र फोन करने की सुविधा मिली है। मेरी मां ने मुझे फोन पर कहा कि 21 बोरा धान पड़ा है लेकिन उसे कोई लेने वाला नहीं है। मेरा सब कुछ चला जाएगा। तुम तो एम.पी. हो और तुम्हें तनख्वाह मिल जाएगी लेकिन मेरा घर और परिवार कैसे चलेगा? आज किसानों की समस्याओं पर बड़े जोर से बहस हो रही है। क्या दुनिया का कोई ऐसा देश है जहां किसान आत्महत्या कर रहा हो? क्या कारण है कि यहां के किसान आत्महत्या कर रहे हैं? किसी पक्ष के ऊपर जिम्मेदारी डाल कर आप इससे बच नहीं सकते और अपने दायित्व से बाहर निकल नहीं सकते। स्थिति स्पट करनी चाहिए। क्या सरकारी उद्योग नीति और कृाि नीति में कोई तालमेल है? इस नीति को कौन चला रहा है? कोई अदृश्य ताकत इस नीति को चला रही है। आप इसका जवाब दें। आप विद्वान मंत्री हैं और काफी जानकार हैं। आप इसका जवाब दें। यदि कोई तालमेल है तो इस बारे में सदन जानना चाहेगा।

देश में अनाज भंडारण की समस्या है। इसकी बड़े जोर से चर्चा होती है। चाहे स्टेट एजेंसी हो, एफ.सी.आई. हो या सी.डबल्यू.सी. हो, कुल मिल कर 445 लाख मीट्रिक टन के लगभग अनाज अभी गोदामों में है जबकि कैपेसिटी 465 लाख मीट्रिक टन की है। सरकार ने स्वयं घोाणा की थी लेकिन मैं उन आंकड़ों में जाना नहीं चाहता। इसका सरकार ने क्या जवाब दिया, मैं उसे पढ़ कर सुनाना चाता हूं।

> "The quantum of surplus varies with reference to the level of procurement and off-take of foodgrains. The per day carry cost of surplus with reference to stocks as on 31.1.2001 is raised to Rs. 18 crores. "

**<u>17.09 hrs</u> (Shri P.H. Pandiyan *in the Chair*)**

सरप्लस अनाज पर 18 करोड़ रुपए खर्च हुए। आप टोटल कर लीजिए। आप मैथेमैटिक्स के प्रोफेसर हैं. विद्वान हैं। पी.एच.डी. पढ़े-लिखे लोग इसे जोड़ लें कि कितने करोड़ रुपया स्टोरेज पर खर्च हो रहा है? ऐसी रिपोर्ट संसदीय समिति की आई है। मैं इसका विस्तार से जिक्र नहीं करना चाहता। बड़े जोर से हल्ला मचाया गया कि यह क्या हो गया लेकिन संसदीय समिति को यह अधिकार नहीं है कि वह सरकार को इनस्ट्रक्शन दे सके।

मैंडेटरी या आब्लिगेटरी सवाल उठता है। यह संसदीय स्थायी समिति का काम है, इसकी अहमियत का सवाल खड़ा होता है कि समिति को अधिकार है कि वह अपने सुझाव दे सकती है। यदि सरकार प्लान नहीं करती है, कोई योजना नहीं बनाती है तो जो अनाज गोदाम में पड़ा हुआ है, उसका क्या होगा क्योंकि इस मार्च में रबी की नई फसल आने वाली है। वह कहां रखी जायेगी? यह एक बहुत बड़ा सवाल है। माननीय मंत्री जी इस सवाल का जवाब देंगे कि आने वाली रबी की फसल को युद्व स्तर पर रखने के लिये और पहले वाले अनाज के डिस्पोजल के लिये क्या तरीका अपनाया जायेगा। समिति ने सड़े हुये अनाज को निकालने के लिये सुझाव दिया

था। इन गोदामों में 2 लाख 5 हजार 520 मीट्रिक टन अनाज पड़ा है जो कैटल फीड के लायक भी नहीं है। इस बात के लिये शर्म आ रही होगी कि इस सड़े हुये अनाज को कहां फेंका जाये। यदि फेंकेंगे तो बदनामी होगी। आप बदनामी मत करिये। आप अपने हृदय पर हाथ रखकर जरा विचार करें कि आगे आने वाला अनाज कहां रखा जायेगा और सड़ा हुआ अनाज अंदर रखा जायेगा। इस स्टोर किये अनाज पर प्रति किलो 1.37 रुपये खर्च आ रहा है। जब सड़ा हुआ अनाज कैटल फीड के लायक नहीं तो ह्युमन कंजम्पशन के लिये कहां से होगा? सरकार ने पिछले साल 3 हजार करोड़ रुपये की सबसिडी बचाने के लिये डैमेज्ड फूडग्रेन पर 6 हजार करोड़ रुपया खर्च कर रहे हैं। इसलिये सरकार को इस पर विचार करना चाहिये। फूड मिनिस्टर को यहां रहना चाहिये था। मैंने भी गंभीरतापूर्वक कहा था कि इस पर बहस होनी चाहिये। आपने 3 हजार करोड़ रुपया बचाया, बी.पी.एल. के लोगों पर एकतरफा सबसिडी कट की लेकिन एफ.सी.आई पर नहीं कट लगाई। स्टोरेज कॉस्ट, हैंडलिंग कास्ट और कैरियंग कास्ट पर कटाव क्यों नहीं किया गया। इसका कारण यह है कि नौकरशाही इस पर हावी है, उसको छू नहीं सकते लेकिन गरीब किसान निरीह है, लाचार है इसलिये उसकी फूड सबसिडी काट दी। आपने दाम 5 रुपये प्रति किलो बढ़ा दिये। सारा आफटेक लिफ्टिंग नहीं हुआ। अकेले बिहार में 30 परसेंट, उत्तर प्रदेश मे 35 परसेंट, कर्नाटक में 25 परसेंट और सारे देश में बी.पी.एल. का गरीबी रेखा से नीचे वालो के लिये घट गया। जब घट जायेगा तो सारा अनाज गोदाम में जमा हो जायेगा। APL का अनाज भी शून्य उठान तक पहुंच गया इससे भंडारण की प्राब्लम और स्टोर्ज की प्राब्लम उठ गई। इसका कारण यह है कि एफ.सी.आई. ने कालबद्ध तरीके से नहीं किया। यदि कालबद्ध तरीके से एफ.आई.एफ.ओ. किया होता कि जो अनाज पहले आया, उसको पहले निकालना था, इसकी अनुपालना नहीं की गई।

सभापति महोदय, प्रोक्योरमेंट की बात है। कल श्री रघुनाथ झा बोल रहे थे कि इस बार प्रोक्योरमेंट कम हुआ है। माननीय मंत्री जी उस राज्य से आते हैं। उन्होंने कहा था कि 7 दिन के अंदर संबंधित मंत्री को अवगत करा देंगे कि बिहार में धान का प्रोक्योरमेंट होगा। बिहार में 123 लाख मीट्रिक टन का उत्पादन हुआ लेकिन केवल 5 हजार मीट्रिक टन की खरीद की गई। हमने कभी नहीं कहा कि आन्ध्र प्रदेश और पंजाब को रिलैक्स मत करिये, पूरे देश के किसानों को राहत दीजिये। क्या बिहार के साथ अन्याय नहीं किया गया है? यह सवाल हम मंत्री जी पर छोड़ देते हैं। हमें कल जनता को जवाब देना पड़ेगा कि बिहार में और झारखंड में प्रोक्योरमेंट लैस क्यों हुआ? बिहार में केवल 40 प्रोक्योरमेंट केन्द्र खोले गये थे। क्या 123 लाख मीट्रिक टन में से केवल 5 हजार मीट्रिक टन खरीदने के लिये? माननीय मंत्री जी ने कहा था कि कोशिश करेंगे लेकिन हमारी दृटि में इतना सफल नहीं हुये। इस सारे प्रकरण पर प्रधानमंत्री जी को ज्ञापन दिया गया। एक बार सभी माननीय सदस्यों ने इस मामले को उठाया, हल्ला किया गया लेकिन इसका हल आज तक नही निकला है। इसलिये मैं मांग करता हूं कि इस प्रकरण पर माननीय मंत्री जी एक कमेटी बनाये, इसकी जांच करे कि यह भेदभाव बिहार के किसानों के साथ क्यों किया गया? किसान चारों तरफ से चिल्ला रहे हैं।

मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आज चारों तरफ लोग किसान-किसान चिल्ला रहे हैं। राजनीति, नौकरी, व्यापार और आर्थिक संरचना आज किसान विरोधी नहीं है, यह पहले भी थी। मै आपसे कहना चाहता हूं कि मैंने पहले ही कहा था कि मैं निरपेक्ष रूप से बोलूंगा। पहले से ही ये नीतियां चली आ रही हैं जो किसानों के हित में नहीं है और आज भी ये नीतियां उसी तरह से टिकी हुई हैं। दिल और दिमाग में जब उदारीकरण, ग्लोबलाइजेशन् और बहुराट्रीय कम्पनियों के समर्थन की बात रहेगी तो किसानों का भला मेरी दृटि में संभव नहीं है। इसीलिए मैंने इस पर साफ कहा था। बजट में माननीय वित्त मंत्री जी ने बड़े जोर से कहा है और माननीय प्रधान मंत्री जी ने ठीक ही कहा है, जब मार्ग्रेट आल्वा जी बोल रही थीं तो अभी हमारे कृाि मंत्री जी ने भी जवाब दिया था कि खेती को डाइवर्ट किया जा रहा है। हम आज तक यह समझ नहीं पाये कि जो किसान गेहूं, चावल से हटकर दूसरी फसलों पर ध्यान देगा, उस किसान को अपने खेत को उसी तरह से तैयार करना होगा। कमर्शियल फसलों के लिए खेत की तैयारी उसी तरह से करनी होगी। तिलहन के लिए, सब्जी के लिए, फल के लिए खेत को तैयार करना होगा। क्या किसान तैयार है। इस घोष ाणा द्वारा इस संकेत के देने के पहले और कमर्शियल फसलों के मामले में बहुत आगे महाराट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कमर्शिलय फसलों को उपजाने में किसान लगे हैं और आज सबसे ज्यादा आत्महत्याएं इन्हीं प्रदेशों में हो रही हैं, उनका क्या कारण है। कमर्शियल फसलों की मार्केटिंग की ऑल्टरनेटिव व्यवस्था हम नहीं कर पाये। इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जब तक मार्केटिंग की ऑल्टरनेटिव व्यवस्था, भंडारण और कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था और जमीन को तैयार करने में उसके बीज के लिए और वाटर मैनेजमैंट के लिए जब तक ऑल्टरनेटिव व्यवस्था नहीं होती है, तब तक जो किसान गेहूं और धान उगाने में लगा हुआ है, अचानक उसे कह दीजिए कि आप ध्यान हटाइये, आपको दूसरी फसल लगानी है, वह एकदम से कैसे करेगा। हमारी समझ में नहीं आता है, यदि मंत्री जी आपको समझ में आता है तो कृपया हमें भी समझाइये। जो गेहूं और चावल की फसल होती हैं वे एक फसल होती है। कई जगह धान और बाढ़ के चलते एक ही फसल होती है, वहां सब फसल नहीं हो सकती हैं। आप चाहे कैसे मुआयना कर लीजिए, किसान कैसे दूसरी फसल के लिए तैयार हो जायेगा।

सभापति महोदय, कोल्ड स्टोरेज के अभाव में आज भी 30-35 परसेन्ट सब्जियां बरबाद होती हैं और जो कमर्शियल ग्रेन्स और कमर्शियल क्रॉप्स है, क्या उनका लाभकारी मूल्य किसानों को मिल पाता है। किसान किस लोभ में फसल बदल देगा। खेती तो घाटे का व्यवसाय है ही, हम जानना चाहते हैं कि क्या आपने किसान को लाभकारी मूल्य दिलाना गारंटी किया है। यदि आपने ऐसा किया है तो किसान उसे सर्हा स्वीकार कर लेगा। आपका कहना हम समझ रहे हैं कि आप किधर इशारा करेंगे। आप कहेंगे कि हमरा खाद्य तेल का आयात हो रहा है, उसे रोकना है, जरा सा उसे चेंज करना है, ताकि हम आत्मनिर्भर होंगे और हम दूसरे देशों से खाद्य तेल नहीं मंगायेंगे। देश में खाद्य तेल की 15 लाख टन की जरूरत है और आप 43 लाख टन मंगाते हैं। हमें समझ में नहीं आता है कि क्या हो रहा है।

सभापति महोदय बजट में वित्त मंत्री जी ने किसानों के लिए क्रैडिट कार्ड के विाय में कहा है और अन्य उपायों में बीमे के जरिये किसानों की पूंजी की कमी दूर करने का प्रयास किया है। मैं इसके लिए सरकार को धन्यवाद देता हूं। क्रैडिट कार्ड के द्वारा आपने पूंजी की बात की है, कोल्ड स्टोरेज के लिए भी आपने कहा था कि 78 करोड़ का ऋण देंगे। लेकिन जो किसानों की मौलिक और बुनियादी जरूरत है, उस पर ध्यान नहीं दिया गया है। जबकि बजट में इकोनोमिक ग्रोथ पर ज्यादा ध्यान दिया गया है। किसानों को सूखे और बाढ़ से बचाने में दीर्घकालीन ठोस योजना का कोई जिक्र नहीं है। बजट में किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने के विाय में और कृाि उत्पादन में कोई स्थाई तौर पर कोई स्कीम का जिक्र नहीं है। आयात से बचाने का मामूली प्रयास किया गया है। लेकिन डब्ल्यू.टी.ओ. के प्रावधान से किसानों को सुरक्षा मिले, इसका कोई उपाय बजट में नहीं किया गया है। खेतिहर मजदूरों में जो बेरोजगारी व्याप्त है, उसके विाय में नहीं कहा गया है। उदारीकरण का प्रथम चरण 1991 से 2000 तक हो गया है और वा 2001 से दूसरा चरण चलेगा, जिसे सख्ती से लागू किया जायेगा, यह खतरे की बात है। प्रथम फेस में दो बातें हुई - कृाि उत्पादकता में गिरावट आई है, एग्रीकल्चर प्रोडक्टिविटी में ह्रास हुआ है। इकोनोमिक सर्वे ऑफ इंडिया में इसका संकेत स्पट है। मैं आंकड़ों में जाना नहीं चाहता हैं, समय कम है। जो एग्रीकल्चर प्रोडक्शन है उसके प्राइस में बेतहाशा गिरावट हुई है।

कीमतों के क्षेत्र में दोतरफा मार किसानों को पड़ रही है। एक तरफ समूचे देश में कारखाने के उत्पादक चीजों के दाम बढ़ रहे हैं और दूसरी तरफ किसान की पैदावार का दाम घट रहा है। जहां तक कृाि मंत्री जी की कृाि नीति का सवाल है, उसकी परछाईं बजट में पूरे तौर पर है। राट्रीय कृाि नीति की तीन मान्यताएं हैं। एक है कृाि को उद्योग और व्यापार बनाया जाए जो भारतीय कृाि परंपरा के पक्ष में नहीं है। दूसरा, भारी पूंजी भी कृाि में निवेश करने की ज़रूरत है, और तीसरा, कृाि में तकनीकी ि वकास की ज़रूरत है।

सभापति जी के आदेश का पालन करते हुए मैं अपना अंतिम सुझाव सब्सिडी के बारे में देता हूं। आज बुनियादी ज़रूरत है कि किसानों को लाभप्रद मूल्य दिया जाए, कृाि उत्पादन बढ़े और किसान ऋणमुक्त हों तथा अपने पैरों पर खड़े हों, उस दिशा में प्रयास करने की ज़रूरत है। अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया और कई यूरोपीय देश हर साल अपने देश में 363 अरब डालर की सब्सिडी देते हैं। वहां किसानों को इतनी सब्सिडी दी जाती है कि उनके उत्पाद के मुकाबले में भारतीय किसान का उत्पाद नहीं ठहरता है। इसलिए किसानों की राजसहायता में जो कमी हो रही है, उस पर ध्यान देने की ज़रूरत है।

अंत में मैं प्लानिंग कमीशन की बात करना चाहता हूं। प्लानिंग कमीशन ने आंकड़ों में अचानक रातोंरात गरीबी घटा दी है। इन्होंने नेशनल सैम्पल सर्वे को बदल दिया। लकड़ावाला कमीशन में लकड़ावाला की अध्यक्षता में एक विशेज्ञ समिति बनी थी और उसके ज़रिये 1993-94 में जो नेशनल सैम्पल सर्वे हुआ, उसके ज़रिये यह स्पट रूप से आकलन किया गया कि गरीबी रेखा के नीचे 35.97 प्रतिशत लोग हैं। करीब 36 प्रतिशत लोगों को गरीबी रेखा के नीचे आंका गया और आज अचानक ही वह

26 प्रतिशत हो गया और बजट में इसका संकेत किया गया है। 10 प्रतिशत गरीबी घट गई एक साल में। डेढ़ साल में गरीबी रेखा के नीचे लोगों की संख्या ही घटा दी गई। टाइम्स ऑफ इंडिया ने लिखा कि संख्या ही घट गई। इस तरह से आंकड़ों में गरीबी घटाने से गरीब लोगों की चिन्ता नहीं हो सकती है। इसलिए आंकड़ों में तौर-तरीकों का पता लगाया कि कैसे गरीबी घटी तो कहा कि तौर-तरीका बदल दिया। पहले एक साल का ऐवरेज लिया जाता था और अब 30 दिन का ऐवरेज लिया गया और घटाकर 26 प्रतिशत बना दिया। यह बहुत गलत है।

प्लानिंग कमीशन पर हमारा बस नहीं है लेकिन मंत्री जी से मैं आग्रह करूंगा कि इसे देखें। प्लानिंग कमीशन के इन तथ्यों को हम चुनौती देते हैं और प्लानिंग कमीशन की प्रासंगिकता आज घट गई है। गरीबों के साथ उसने जालसाज़ी की है। एक साल में आंकड़े कैसे घट जाएंगे? 26 प्रतिशत गरीबी रेखा के नीचे रह गए? क्या पावर्टी ऐलिवियेशन हो गया या क्रयशक्ति बढ़ गई है? क्या उनको जो 2400 कैलोरी का भोजन मिलना चाहिए था, वह उनको मिलने लगा है। वह कैसे घटा, यह समझ में नहीं आया। पूरे देश में किस तरह से सर्वे किया, इस पर जांच के लिए प्लानिंग कमीशन के ऊपर एक कमीशन और बैठाना चाहिए क्योंकि गरीबों के खिलाफ यह काम हुआ है। गरीब लोगों के आंकड़ों को गलत बताया जा रहा है। मैं किसी कीमत पर यह बर्दाश्त नहीं कर सकता इसलिए मैंने इस मामले को यहां उठाया।

अंत में मैं एक सुझाव देना चाहता हूं। बजट में माननीय मंत्री जी ने सूखे और बाढ़ से किसानों को बचाने के लिए प्रावधान नहीं किया है। मंत्री जी कोशिश करें कि किसानों को उनके उत्पादन का लाभकारी मूल्य मिले ताकि किसान आत्महत्याएं न करें और डब्लू.टी.ओ. के प्रावधान से विदेशी प्रतियोगिता में किसानों को बचाने का कोई सुझाव मंत्री जी सुझाएं यही मेरा निवेदन है।

अंत में मैं एक ही बात कहना चाहता हूं। इस देश में फूड सिक्यूरिटी की बहुत जरूरत है।

सभापति महोदय, खाद्य सुरक्षा के बिना कुछ नहीं हो सकता। अब इस देश में हिन्दू-मुस्लिम राइट नहीं होंगे बल्कि यदि कोई ठीक व्यवस्था नहीं हुई, तो फूड राइट होगा। खाद्य सुरक्षा देश को मिलनी चाहिए। आज स्थिति यह है कि सरकार के गोदाम अनाज से भरे हुए हैं, लेकिन गांवों में लोग दाने-दाने को तरस रहे हैं। इसलिए फूड सिक्योरिटी बहुत ही जरूरी है। यह बुनियादी मामला है। इसलिए सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।â€¦( व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Now, you know how difficult it is to speak from there.

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव :** सभापति महोदय, चूंकि आपका आदेश है कि मैं अपना भााण समाप्त करूं और चेयर का आदेश सर्वोपरि होता है। इसलिए मैं अपनी बात समाप्त करते हुए अन्त में सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि -

" एक-दो जख्म हों, तो बताऊं, सारा बदन है छलनी ,

दर्द बेचारा किसानों का परेशां है, ऊंढू तो कहां से "

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Mr. Chairman, Sir, I drew the attention of the House to a very important issue and demanded that the Government must make a statement before the House rises for the day because the national security is at stake in the hands of this Government. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You have already raised this issue twice. Why are you raising it now? You have already raised it twice. Please sit down. You have already raised it twice, and the Government would have noted it.

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Mr. Chairman, Sir, we are for the debate on the farmers' issues. However, we want the intervention of the Treasury Benches, and we want the Government to make a statement before the House rises for the day. ...(*Interruptions*) The national security is at stake. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You have already raised this issue twice.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: The Member has already raised the same issue twice. You have raised it in the morning. Please sit down. You have raised it in the morning, and you have also raised it on another occasion.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You have raised it in the morning.

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI: Mr. Chairman, Sir, the Samata Party President, the B.J.P President, and the Prime Minister's Office, all these people have been exposed today. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: This is the most important issue relating to the agricultural community.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You have raised it twice. You have already drawn the attention of the House, and that is all. Please sit down. Kindly resume your seat.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please allow the debate on the farmers' issues to go on. Please allow me to speak.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You allow me to speak.

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Let the Government make a statement. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You allow me to speak.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions)**

MR. CHAIRMAN: Order, please.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Dasmunsi, and Shri Scindia, please resume your seats. You allow me to speak. Now, we are discussing an important issue, that is, the farmers' issue.

You have already raised the issue on two occasions.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : You have already raised it and I would inform you about it.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, would you not take your seats?

...(*Interruptions*)

*Not Recorded.

MR. CHAIRMAN: Do you want the debate on the farmers' issue to go on?

...(*Interruptions*)

SHRI MADHAVRAO SCINDIA (GUNA): Sir, it concerns national security...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, it is a question of the security of the nation...(*Interruptions*) Sir, we would like to know from the Government...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions)**

**17.31 hrs**

**(At this stage, Shri Satyavrat Chaturvedi and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.)**

MR. CHAIRMAN: You should follow a procedure.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Dasmunsi has already drawn the attention of the House in this regard once in the morning and again in the afternoon. He has raised it on two occasions.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: This is not the way to interrupt the proceedings.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You should not interrupt the proceedings. We are debating an important issue − the issue of the farmers. You should give top priority to that.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing is going to happen today. You may raise it tomorrow.

...(*Interruptions*)

*Not Recorded.

MR. CHAIRMAN: You may raise it tomorrow. Under what rule do you want to raise this issue?

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: There is no rule. Please go back to your seats. You go back to your seats and tell me that you do not like to participate in the debate on the farmers' issue. It has been listed for discussion today.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Would you not like to participate in the debate on the farmers' issue?

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You raise this issue tomorrow. How can you raise it now?

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Will you please go back to your seats? We are discussing the issue of the farmers here. I repeat that we are discussing the farmers' issue today. You raise it tomorrow. You cannot raise it all of a sudden.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Is this the way? This is not the way. You must follow a procedure.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You must follow a procedure. You are sending a wrong signal to the farmers. Please go back to your seats.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You please give that book to me. Let me go through it and then I will see.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You please give that book to me. I would go through it.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You must give time to the Government and you must give time to the Chair also.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: How can the Chair allow? The Chair will not allow immediately. You must give advance notice to the Government. You must show a copy of the report that is being mentioned. If they are satisfied, they will respond.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: It is not proper. How will I be able to know the veracity of the report? I do not know whether it is true or false. You go back to your seats. You must follow the procedure.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You can raise it tomorrow. I would request the leaders of the Opposition to ask their Members to go back to their seats.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: This is not parliamentary procedure. You give the report to me. Let me satisfy myself about its veracity first.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: If you do not allow this debate on the most important issue of agriculture to continue, there is no option but to adjourn the House. Do you want the House to be adjourned?

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: It is an important issue but I have no option except to adjourn the House. What do you want, adjournment or discussion?

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : I have no other option.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: The House now stands adjourned to meet again at 11 a.m. tomorrow.

**17.40 hrs**

**The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock**

**on Wednesday, March 14, 2001/Phalguna 23, 1922 (Saka).**

---